RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-302 जयपुर, गुरुवार, 30 अप्रैल 2026 मूल्य-4 रूपये

## पांच राज्यों में चुनाव संपन्न, एग्जिट में पोल में भाजपा को बढ़त

# बंगाल में खिलेगा कमल, असम में भाजपा की हैट्रिक

### एग्जिट पोल में बंगाल में उलटफेर के संकेत

नई दिल्ली

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव 2026 के एग्जिट पोल आ गए हैं। सबसे बड़ा उलटफेर पश्चिम बंगाल में है, जहां आठ में से छह पोल भाजपा की ऐतिहासिक जीत और सत्ता परिवर्तन का इशारा कर रहे हैं। वहीं, असम और पुदुचेरी में भाजपा-एनडीए गठबंधन अपनी सत्ता बरकरार रखता दिख रहा है। दक्षिण की बात करें तो केरल में यूडीएफ की शानदार वापसी हो रही है, जबकि तमिलनाडु में द्रमुक गठबंधन आगे है।



#### पश्चिम बंगाल

पश्चिम बंगाल को लेकर आए अलग-अलग एग्जिट पोल्स अलग-अलग कहानियां कह रहे हैं। 294 सीटों वाली पश्चिम बंगाल विधानसभा में बहुमत के लिए 148 सीटों की ज़रूरत है. पी-मार्क़ एग्जिट पोल्स में टीएमसी को 118-138, बीजेपी को 150-175 सीटें और अन्य को 2-6 सीटें दी गई हैं। मैटराइज़ एग्जिट पोल्स में टीएमसी को 125-140, बीजेपी को 146-161 और अन्य को 6-10 सीटें दी गई हैं। पीपल्स पल्स के एग्ज़िट पोल में टीएमसी को 177-187, बीजेपी को 95-110, कांग्रेस को 1-3 और लेफ़्ट को 0-1 सीटें दी गई हैं। चाणक्य स्ट्रेटेजीज़ एग्जिट पोल्स में टीएमसी को 130-140, बीजेपी को 150-160 और अन्य को 6-10 सीटें दी गई हैं।

#### असम

असम में एक चरण में 9 अप्रैल को मतदान हुआ था. असम विधानसभा में 126 सीटें हैं और बहुमत का आंकड़ा 64 है। अधिकतर एग्जिट पोल्स में बीजेपी गठबंधन को बढ़त दिखाई गई है। एक्सिस माई इंडिया एग्जिट पोल्स में बीजेपी गठबंधन को 88-100, कांग्रेस गठबंधन को 24-36 और अन्य को 0-3 सीटें दी गई हैं। जेवीसी एग्जिट पोल्स में बीजेपी गठबंधन को 88-101, कांग्रेस गठबंधन को 23-33 और अन्य को 2-5 सीटें दी गई हैं। पी-मार्क़ एग्ज़िट पोल में बीजेपी गठबंधन को 82-94, कांग्रेस गठबंधन को 30-40 और अन्य को 1-5 सीटें दी गई हैं। मैटराइज़ एग्जिट पोल्स में बीजेपी गठबंधन को 85-95, कांग्रेस गठबंधन को 25-32 सीटें और अन्य को 6-12 सीटें दी गई हैं। पीपल्स पल्स एग्ज़िट पोल में बीजेपी गठबंधन को 68-72, कांग्रेस गठबंधन को 22-26 सीटें और अन्य को 19-28 सीटें दी गई हैं।पोल डायरी एग्जिट पोल्स में बीजेपी गठबंधन को 86-101, कांग्रेस गठबंधन को 15-26 सीटें और अन्य को 3-7 सीटें दी गई हैं।

#### केरल

केरल विधानसभा की 140 सीटों पर एक चरण में 9 अप्रैल को मतदान हुआ था. यहां बहुमत का आंकड़ा 71 है। एक्सिस माई इंडिया एग्जिट पोल्स में एलडीएफ़ को 49-62, यूडीएफ़ को 78-90 और बीजेपी गठबंधन को 0-3 सीटें दी गई हैं। पी-मार्क़ एग्जिट पोल्स में एलडीएफ़ को 62-69, यूडीएफ़ को 71-79 और बीजेपी गठबंधन को 1-4 सीटें और अन्य को 0-3 सीटें दी गई हैं। मैटराइज़ एग्जिट पोल्स में एलडीएफ़ को 60-65, यूडीएफ़ को 70-75, बीजेपी गठबंधन को 3-5 और अन्य को 2-4 सीटें दी गई हैं। पीपल्स पल्स एग्जिट पोल्स में एलडीएफ़ को 55-65, यूडीएफ़ को 75-85 और बीजेपी गठबंधन को 0-3 सीटें दी गई हैं.

#### तमिलनाडु

तमिलनाडु विधानसभा की 234 सीटों पर एक चरण में 23 अप्रैल को मतदान हुआ था. यहां पर बहुमत का आंकड़ा 118 है। पी-मार्क़ एग्जिट पोल्स में डीएमके गठबंधन को 125-145, एआईएडीएमके गठबंधन को 65-85, टीवीके को 16-26 और अन्य को 1-6 सीटें दी गई हैं। मैटराइज़ एग्जिट पोल्स में डीएमके गठबंधन को 122-132, एआईएडीएमके गठबंधन को 87-110, टीवीके को 10-12 और अन्य को 0-6 सीटें दी गई हैं। पीपल्स पल्स एग्जिट पोल्स में डीएमके गठबंधन को 125-145, एआईएडीएमके गठबंधन को 65-80, टीवीके को 18-24 और अन्य को 2-6 सीटें दी गई हैं।चाणक्य स्ट्रेटेजीज़ एग्जिट पोल्स में डीएमके गठबंधन को 145-160, एआईएडीएमके गठबंधन को 50-65, टीवीके को शून्य और अन्य को 18-26 सीटें दी गई हैं। एक्सिस माई इंडिया एग्जिट पोल्स में डीएमके गठबंधन को 92-110, एआईएडीएमके गठबंधन को 22-32, टीवीके को 98-120 सीटें दी गई हैं।

#### पुडुचेरी

हालिया विधानसभा चुनावों के दौरान एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में भी 9 अप्रैल को मतदान हुआ था।पुडुचेरी विधानसभा की 30 सीटों के लिए बहुमत का आंकड़ा 16 है। एक्सिस माई इंडिया एग्जिट पोल्स में बीजेपी गठबंधन को 16-20, कांग्रेस गठबंधन को 6-8 और अन्य को 3-7 सीटें मिलने का अनुमान है।

## बंगाल में अंतिम चरण में 91.41 प्रतिशत मतदान

कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण में भी छिटपुट हिंसा के बीच बंपर मतदान हुआ। राजधानी कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल के 7 जिलों की 142 सीटों के लिए 91.41 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना चार मई को होगी और नतीजे भी दोपहर 12 बजे तक स्पष्ट हो जाएंगे कि राज्य में किसकी सरकार बनेगी।

निर्वाचन आयोग के मुताबिक पूर्व बर्धमान में सबसे अधिक 93.39 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया जबकि सबसे कम कोलकाता दक्षिण में 87.25 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा हुगली में 91.41 प्रतिशत, हावड़ा में 90.93 प्रतिशत, कोलकाता उत्तर में 88.91 प्रतिशत मतदान हुआ है।

नदिया जिले में 91.35 प्रतिशत, उत्तर 24 परगना में 91.39 प्रतिशत तथा दक्षिण 24 परगना में 91.45 प्रतिशत मतदान हुआ है। दूसरे और आखिरी चरण में 1,448 उम्मीदवारों का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो गया। हालांकि, कड़े सुरक्षा इंतजामों के बावजूद कई स्थानों से हिंसा व गड़बड़ी की शिकायतें सामने आई। मतदान शुरू होने से पहले नदिया के चापड़ा विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 53 पर जाने के दौरान भाजपा एजेंट मुशर्रफ मीर पर हमला किया गया।

भाजपा का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस समर्थकों ने एजेंट को बुरी तरह पीटा और उनका सिर फोड़ दिया। भवानीपुर में सुरक्षा बलों ने निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भाई कार्तिक बनर्जी को उस वक्त चेतावनी दी जब वे मतदान केंद्र के पास कुछ लोगों के साथ बैठे थे।

उधर भवानीपुर विधानसभा के कालीघाट में शुभेंदु अधिकारी बूथों का दौरा करने पहुंचे, तब वहां मौजूद तृणमूल कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनके खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके जवाब में भाजपा समर्थकों ने 'जय श्रीराम' के नारे लगाए। दोनों पक्षों के बीच नारेबाजी से कालीघाट रोड और हरीश मुखर्जी रोड के मोड़ पर माहौल गरमा गया।

## सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

### कहा- हम इस देश की सभ्यता और धार्मिक इतिहास नहीं भूल सकते

नई दिल्ली

केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने एडवोकेट इंदिरा जयसिंह की दलीलों के जवाब में कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। एडवोकेट जयसिंह ने सुनवाई के 10वें दिन कहा कि



सबरीमाला मंदिर में एंट्री का फैसला अब भी लागू है। इस पर स्टे नहीं है लेकिन मंदिर में प्रवेश नहीं मिल रहा है। जयसिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट इसकी रिव्यू पिटिशन पर सुनवाई कर रहा है। हालांकि, कोर्ट कभी यह तय नहीं करता कि धर्म में क्या जरूरी है या और क्या नहीं। इसका फैसला तो धर्म ही करता है।

इस पर जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम इस भूमि के सभ्यता के विकास और धार्मिक इतिहास को नजरअंदाज नहीं कर सकते। इसी बैकग्राउंड से संविधान के आर्टिकल 25 और 26 आए हैं। संविधान और बाकी सब ठीक है लेकिन हमें इतिहास नहीं भूलना चाहिए। आप अतीत को नजरअंदाज करके यह नहीं कह सकते कि यह एक कोरी स्लेट है। इस पर जयसिंह ने कहा कि इस पर डिबेट हो सकती है। यह क्लीन स्लेट है।

जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि देखिए देवरू मामले में यह तर्कसंगत है कि किसी धर्म की मौलिक धार्मिक पहचान तो कमजोर नहीं हो रही है।

## प्रधानमंत्री ने यूपी के सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया

### सपा विकास विरोधी है और नारी विरोधी भी: मोदी

हरदोई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को हरदोई से यूपी के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने ऐलान किया कि एक्सप्रेस-वे को हरिद्वार से भी जोड़ा जाएगा।

पीएम ने सपा और कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा- सपा विकास और नारी विरोधी है। बीते दिनों एक बार फिर देश ने कांग्रेस और सपा का नारी विरोधी चेहरा देखा है। इन लोगों ने नारी शक्ति वंदन संशोधन के खिलाफ वोट किया। पीएम ने पश्चिम बंगाल में चल रही दूसरे चरण की वोटिंग का



जिक्र किया। कहा- जो खबरें आ रही हैं, उनसे पता चलता है कि बंगाल में भारी मतदान हो रहा है। ऐसी वोटिंग दशकों में नहीं देखी। इससे पहले पीएम ने एक्सप्रेस-वे के किनारे पेड़ लगाया। सीएम योगी के साथ एक्सप्रेस-वे पर पैदल भी चले।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा बंगाल में पहले चरण की तरह ही जनता वोट देने के लिए बड़ी संख्या में घरों से निकल रही है। लंबी-लंबी कतारों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। पिछले 6-7 दशक में जो नहीं हुआ, जिसकी कल्पना भी मुश्किल थी, लोग भयमुक्त होकर वोट दे रहे हैं। मुझे विश्वास है कि इन पांच राज्यों के चुनाव में भी भाजपा ऐतिहासिक जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है।

#### मोदी ने काशी विश्वनाथ में पूजा की, त्रिशूल लहराया

*वाराणसी। काशी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह में 20 मिनट तक पूजा-अर्चना की। पांच पंडितों ने उन्हें पूजा कराई, माला पहनाई और त्रिपुंड लगाया। पीएम मंदिर से बाहर निकले तो भाजपा नेताओं ने उन्हें त्रिशूल और डमरू भेंट किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने त्रिशूल उठाकर लहराया। पीएम 14 किलोमीटर लंबा रोड शो करते हुए विश्वनाथ मंदिर पहुंचे थे। गेट पर 108 बटुकों ने शंखनाद के साथ उनका स्वागत किया। मंदिर में पीएम बच्चों से भी मिले और उनसे बातचीत की।*

मुझे खुशी है कि यूपी सरकार ने इस एक्सप्रेस-वे का नाम मां गंगा के नाम पर रखा है। इसमें विकास का हमारा विजन भी झलकता है और हमारी विरासत के भी दर्शन होते हैं। डबल इंजन सरकार में शिलान्यास भी होता है और उद्घाटन भी होता है। यह सिर्फ हाई-स्पीड सड़क नहीं है, बल्कि नए सपनों का गेटवे है।

पिछली सरकारों ने अपनी करतूतों के कारण अपराध और जंगलराज को यूपी की पहचान बना दिया। यूपी के माफियाओं पर फिल्में बनती थीं। आज यूपी की कानून व्यवस्था का देशभर में उदाहरण दिया जाता है। संसाधनों का बंदरबांट करने वाले जिन सपाइयों के हाथ से सत्ता गई है, उन्हें यूपी की यह प्रगति पसंद नहीं आ रही है। वे यूपी को पुराने दौर में धकेलना चाहते हैं।

## गुजरात के साबरकांठा में सड़क हादसे में 6 की मौत, 6 गंभीर

साबरकांठा

गुजरात के साबरकांठा जिले में हिम्मतनगर के पास बुधवार सुबह एक बस और कार की टक्कर हो गई। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हिम्मतनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, हादसा शामलाजी से हिम्मतनगर की ओर जाने वाले नेशनल हाईवे पर हुआ। स्पीड से आ रही एक प्राईवेट बस ने ओवरटेक करते वक्त आगे जा रही कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस बुलाई और पुलिस को सूचना दी।

गंभोई पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर अल्पेश चौधरी ने बताया कि पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। बस ड्राइवर की लापरवाही और तेज रफ्तार को दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## धार में पिकअप वाहन पलटा, 16 की मौत

### मृतकों में 6 बच्चे, 7 घायल इंदौर रेफर

धार

मध्य प्रदेश के धार में टायर फटने से अनियंत्रित होकर पिकअप वाहन डिवाइडर पर चढ़कर पलट गया। वाहन ने 3-4 बार पलटी खाई। इस दौरान सड़क के दूसरी ओर जाकर स्कॉर्पियो से भी टकराया। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई, 13 घायल हैं। मृतकों में 6 बच्चे शामिल हैं।



एक्सीडेंट इंदौर अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग के चिकलिया फाटा पर जियो पेट्रोल पंप के पास बुधवार रात करीब साढ़े 8 बजे हुआ। जयस के सदस्य विजय सिंह चोपड़ा ने बताया कि पिकअप में करीब 50 मजदूर सवार थे। वाहन करीब 100 किलोमीटर की रफ्तार में था।

प्रत्यक्षदर्शी शुभम सिसोदिया ने कहा- हादसे के समय मैं घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर मौजूद था। स्कॉर्पियो मांगूद से धार की ओर जा रही थी जबकि पिकअप वाहन धार से मांगूद की तरफ आ रहा था। इसी दौरान अचानक पिकअप का टायर फट गया। अनियंत्रित होकर पिकअप डिवाइडर को पार करते हुए रॉन्ग साइड में आ गया और सामने से आ रही स्कॉर्पियो से टकरा गया। फिर पलट गया।

कमिश्नर सुदाम खाड़े ने बताया कि पिकअप वाहन में करीब 46 लोग सवार थे। घायलों के इलाज को लेकर प्रशासन ने व्यवस्था की है। गंभीर रूप से घायल 7 लोगों को बेहतर इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया है।

## कुल्हाड़ी से पति ने पत्नी की हत्या की

बूंदी

बूंदी जिले के तालेड़ा थाना क्षेत्र के ठीकरी कला गांव में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पारिवारिक विवाद में कुल्हाड़ी से सिर और गर्दन पर हमला उसे मार डाला। इसके बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी पति की तलाश में जुटी हुई है। मामला मंगलवार रात करीब 11.30 बजे का है। ठीकरी कला गांव निवासी हेमराज और उसकी पत्नी रामीबाई (40) में पिछले 2 दिन से लगातार पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी दौरान रात को यह विवाद हिंसक हो गया।

इस दौरान आरोपी पति हेमराज ने कुल्हाड़ी से पत्नी रामीबाई पर सिर और गर्दन पर वार कर दिए। इसके बाद हेमराज मौके से फरार हो गया। इधर गंभीर रूप से घायल रामीबाई को परिजनों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से तालेड़ा अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की 3 बेटियां है।

सूचना मिलने के बाद तालेड़ा डीएसपी राजेश टेलर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

## बेंगलुरु में भारी बारिश,अस्पताल की दीवार गिरी, 7 मौतें

### मृतकों 3 बच्चे शामिल, 7 घायलों का रेस्क्यू

बेंगलुरु

बुधवार को भारी बारिश के बीच हॉस्पिटल की दीवार गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 3 बच्चे भी शामिल हैं। 7 घायलों का रेस्क्यू किया गया है।

हादसे के समय सड़क किनारे मौजूद वेंडर और राहगीर मलबे की चपेट में आ गए। कई लोग मलबे में दब गए थे, जिन्हें रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भारी बारिश के कारण बोवरिंग एंड लेडी कर्जन हॉस्पिटल की दीवार कमजोर हो गई थी। हालांकि, प्रशासन ने कहा है कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।



मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मृतकों के परिजनों के लिए 5-5 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की।

उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिया है। वहीं विपक्ष ने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए सरकार की आलोचना की है। सरकार का कहना है कि वहां रेहड़ी-पटरी वालों को सामान बेचने की अनुमति दी गई थी।

7 घायलों में से 3 केरल से थे और बेंगलुरु घूमने आए थे। वहीं, मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि हादसा इतना भयानक था कि मलबे से शवों को बाहर निकालना पड़ा और कुछ लोगों को अपने पैर तक गंवाने पड़े।

## प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम, जोधपुर-कोटा संभाग में बारिश



जयपुर

राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के असर से बुधवार दोपहर बाद जोधपुर और कोटा संभाग के क्षेत्रों में मौसम बदल गया।

प्रदेश के कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे। मौसम के इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी और हीटवेव से राहत मिली है। श्रीगंगानगर, सीकर और पिलानी समेत 10 से ज्यादा शहरों का पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर ने गुरुवार को भी 8 जिलों में बारिश और आंधी का यलो अलर्ट जारी किया है।

पिछले 24 घंटे में कुछ जिलों को छोड़कर शेष सभी जिलों में सुबह से दोपहर तक आसमान साफ रहा। सबसे ज्यादा गर्मी चित्तौड़गढ़ में रही, जहां का अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## अफसर की हत्या करने वाला रामधनी यादव एनकाउंटर में ढेर

### बेटी बोली- थाने में सरेंडर करने गए थे

### पुलिस ने कहा- कुख्यात ने पहले फायरिंग की

भागलपुर

बिहार में भागलपुर हत्याकांड के आरोपी का एनकाउंटर हुआ है। मर्डर के 12 घंटे के अंदर पुलिस ने अपराधी को ढेर कर दिया है। भागलपुर में मंगलवार दोपहर 3 बजे सुल्तानगंज नगर परिषद ऑफिस में सरकारी अफसर की हत्या हुई थी। बदमाशों ने चेयरमैन को भी गोली मारी थी।

देर रात 2.30 बजे अपराधी को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर किया है। मुठभेड़ में DSP नवीन, इंस्पेक्टर परमेश्वर और इंस्पेक्टर मृत्यंजय घायल हुए हैं। एनकाउंटर



सुल्तानगंज थाना से महज 200 मीटर दूर बाइपास रोड इलाके में हुआ है। जहां मुठभेड़ हुई है वहां से रामधनी यादव का घर 100 मीटर की दूरी पर है।

SP प्रमोद यादव ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर एक अपराधी रामधनी यादव की पहचान की थी। रामधनी डिप्टी चेयरमैन का पति है। रामधनी यादव ने गिरफ्तारी के डर से सरेंडर किया था। उसकी गिरफ्तारी के बाद हम उसे हथियार बरामद करने के लिए ले जा रहे थे।

इस दौरान रामधनी और उसके साथियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इसमें रामधनी के पेट में गोली लगी। 3 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। रामधनी को मायागंज अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

रामधनी की बेटी प्रियंका कुमारी ने बताया कि, पापा सरेंडर करने गए थे, फिर बाद में खबर मिली की एनकाउंटर हो गया।

## चलती बस में अचानक लगी आग, दो यात्रियों की मौत, कई झुलसे

### -बवानीखेड़ा से हांसी जा रही थी बस, टायर फटने से हुआ हादसा



बवानीखेड़ा (एजेंसी)। हरियाणा के बवानीखेड़ा क्षेत्र में सवारियों से भरी एक प्राइवेट बस में अचानक आग लग गई जिसमें दो यात्रियों की मौत हो गई और कई यात्री झुलस गए। बस बवानीखेड़ा से हांसी जा रही थी और गांव मिल्कपुर के पास हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि बस में करीब 20 यात्री सवार थे। अचानक लगी आग ने कुछ ही मिनटों में पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बस जलकर पूरी राख हो गई। मीडिया रिपोर्ट में शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस हादसे में दो लोगों की मौत की सूचना है, जबकि आधा दर्जन के करीब लोग घायल हुए हैं। घायलों को तुरंत अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक दो घायलों का इलाज हांसी के नागरिक अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस और प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गई। शुरूआती जांच में सामने आया है कि बस का टायर फटने के बाद वह डीजल टंकी से टकरा गया, जिससे आग लग गई। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच अभी चल रही है। बवानीखेड़ा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## सोनम रघुवंशी को शिलांग की अदालत से मिली जमानत

शिलांग (एजेंसी)। राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को शिलांग की अदालत से जमानत मिल गई है। यह वहीं मामला है, जिसने इंदौर से लेकर मेघालय तक और पूरे देश में काफी सनसनी फैला दी थी।



मामले की शुरुआत एक नवविवाहित जोड़े से जुड़ी दुखद घटना से हुई थी। इंदौर निवासी राजा रघुवंशी और सोनम की शादी 11 मई 2025 को हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद, 21 मई को दोनों हनीमून के लिए शिलांग गए थे। शुरुआत में यह यात्रा सामान्य लग रही थी, लेकिन 23 मई के बाद दोनों के लापता होने की खबर सामने आई, जिससे परिवार और प्रशासन में चिंता फैल गई। करीब 10 दिन की खोजबीन के बाद पुलिस को 2 जून 2025 को शिलांग की गहरी घाटी से राजा रघुवंशी का शव मिला। शव करीब 30 फीट गहरी खाई में मिला और उस पर धारदार हथियार के निशान मिले, जिससे यह साफ हुआ कि मामला दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या का है।

## नितेश राणे को एक महीने की जेल की सजा, मामले के समय राणे कांग्रेस में थे , इंजीनियर पर कीचड़ फेंकने का मामला

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे को सिंधुदुर्ग कोर्ट ने इंजीनियर पर कीचड़ फेंकने के मामले में एक महीने की जेल की सजा सुनाई। सिंधुदुर्ग कोर्ट ने कहा कि जनप्रतिनिधि (सांसद, विधायक या पार्षद) कानून अपने हाथ में नहीं ले सकते। हालांकि, बाद में सजा पर रोक लगाकर उन्हें हाईकोर्ट में अपील करने का समय दिया है। इस मामले में बाकी 29 आरोपियों को बरी किया गया। यह मामला 4 जुलाई 2019 का है। उन्होंने एनएचएआई के सब-डिविजनल इंजीनियर प्रकाश शेडेकर को मुंबई-गोवा हाईवे चौड़ीकरण के काम का निरीक्षण करने के लिए बुलाया था। सड़क की खराब हालत और जलभराव को लेकर मंत्री राणे नाराज हो गए। इसके बाद मंत्री राणे और उनके समर्थकों ने इंजीनियर पर कीचड़ डाल दिया। उन्हें कीचड़ भरे पानी में चलने के लिए मजबूर किया। तब नितेश राणे कांग्रेस में थे। अभी वह भाजपा में हैं और महाराष्ट्र सरकार में मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्री हैं।

## राहुल गांधी नागरिकता मामले में अब जस्टिस मनीष माथुर करेंगे सुनवाई


लखनऊ (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर अब इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में अब न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ सुनवाई करेगी। मंगलवार को यह मामला न्यायमूर्ति मनीष माथुर के समक्ष सूचीबद्ध हुआ। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता



एस. विग्नेश शिशिर ने कोर्ट से मामले में आवश्यक दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय मांगा। अदालत ने याची के इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए सात मई की तारीख तय की है। कर्नाटक में रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने राहुल गांधी पर भारत के साथ-साथ ब्रिटिश नागरिकता लेने का आरोप लगाते हुए एफ आई आर दर्ज करने की मांग की है। पहले, उनकी याचिका लखनऊ की एमपी-एमएलए अदालत से खारिज हुई थी। इसके खिलाफ हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के पास उन्होंने मौजूदा याचिका दाखिल की थी। इसी 17 अप्रैल को मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने खुली अदालत में राहुल गांधी के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने और मामले की जांच कराने का मौखिक आदेश राज्य सरकार को दिया था। अगले ही दिन आए आदेश में अपना फैसला बदलते हुए उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी को नोटिस जारी किए बिना फैसला करना उचित नहीं है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने इसको लेकर कुछ पोस्ट सोशल मीडिया पर डाले थे। हालांकि, उन्होंने अपने पोस्ट में जज का जिक्र नहीं किया था। इसके बाद नाराज होकर 20 अप्रैल को जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने इस केस से खुद को अलग कर लिया था। याची शिशिर ने बताया कि इसी मामले से संबंधित एक अन्य याचिका भी उन्होंने हाईकोर्ट में दाखिल की है, जिसपर अगले सप्ताह सुनवाई की संभावना है।

# भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की जरुरत नहीं, यह पहले से ही हिंदू राष्ट्र रहा

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम में अपने विचार रखे



**नागपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत की सांस्कृतिक पहचान और राम मंदिर निर्माण को लेकर अहम विचार रखे। डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में उन्होंने साफ किया कि भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कोई औपचारिक जरुरत नहीं है, क्योंकि यह अपनी प्रकृति और आत्मा से सदैव एक हिंदू राष्ट्र ही रहा है।

आरएसएस की एक विज्ञप्ति के मुताबिक उन्होंने कहा कि मंदिर का निर्माण भगवान राम की इच्छा से हुआ। भागवत ने इसकी तुलना भगवान कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने से करते हुए कहा कि ऐसे कार्य तभी संभव होते हैं, जब सभी का योगदान हो। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि जब पीएम मोदी के नेतृत्व में नई सरकार ने शपथ ली, तो लंदन के अखबार ने लिखा कि इस दिन भारत ने वास्तव में ब्रिटिश शासन को अलविदा कहा।

उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रतिबद्ध नेतृत्व के बिना राम मंदिर का निर्माण संभव था। भागवत ने यह भी कहा कि एक समय हिंदुस्तान को हिंदू राष्ट्र कहना उपहास का विषय हुआ करता था। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान एक हिंदू राष्ट्र है। राम मंदिर बनने तक लोग इस दावे पर हंसते थे। आज वही लोग कहते हैं कि हिंदुस्तान हिंदुओं की भूमि है। उन्होंने कहा कि कई लोग आरएसएस से भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने को कहते हैं, लेकिन हम कहते हैं कि जो बात पहले से ही सच है उसे घोषित करने की कोई जरुरत नहीं है।

मोहन भागवत ने समाज की बदलती मानसिकता पर भी प्रहार किया। उन्होंने याद दिलाया कि उपहास से स्वीकृति तक एक समय था जब भारत को हिंदू राष्ट्र कहना मजाक समझा जाता था। राम मंदिर के निर्माण से पहले लोग इस दावे पर हंसते थे। आज वही लोग स्वीकार करते हैं कि हिंदुस्तान हिंदुओं की भूमि है। संघ प्रमुख ने उन मांगों का जवाब दिया जो भारत को आधिकारिक तौर पर हिंदू राष्ट्र घोषित करने की बात करते हैं। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि जो बात पहले से ही सच है, उसे बार-बार घोषित करने की क्या जरुरत है? यह कार्यक्रम उन शिल्पकारों और मार्गदर्शकों के सम्मान में था, जिन्होंने मंदिर निर्माण में अपनी भूमिका निभाई। भागवत का यह संबोधन न केवल मंदिर निर्माण की सफलता का उत्सव था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक जड़ों और उसके स्व को पहचानने का एक आह्वान भी था। उनके मुताबिक मंदिर का अस्तित्व भारत के स्वाभिमान और उसकी प्राचीन पहचान के पुनरुत्थान का प्रतीक है।

## दाऊद का करीबी ड्रग माफिया सलीम डोला तुर्की से भारत लाया गया, खुफिया एजेंसियां करेंगी पूछताछ

नई दिल्ली (एजेंसी)। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के बेहद करीबी और कुख्यात ड्रग माफिया सलीम डोला को तुर्की से भारत डिपोर्ट कर दिया गया है। आज सुबह एक विशेष विमान के जरिए उसे दिल्ली के टेक्निकल एयरपोर्ट लाया गया, जहां अब भारतीय खुफिया एजेंसियां उससे पूछताछ करेंगी। सलीम डोला को हाल ही में तुर्की के इस्तांबुल में वहां की सुरक्षा एजेंसियों ने पकड़ा था। वह दुबई और तुर्की जैसे देशों में छिपकर भारतीय युवाओं तक ड्रग्स पहुंचाने का एक बड़ा सिंडिकेट चला रहा था। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर एक बड़ा ऑपरेशन चलाया, जिसके बाद डोला को भारत लाने का रास्ता साफ हुआ। दिल्ली में पूछताछ पूरी होने के बाद उसे मुंबई पुलिस या नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को सौंप दिया जाएगा। डोला के तार सीधे तौर पर दाऊद इब्राहिम के नेटवर्क से जुड़े हैं। वह



भारत में ड्रग्स सप्लाई का एक बड़ा चैनल संभाल रहा था और उसे वैश्विक सिंथेटिक ड्रग नेटवर्क में एक बड़ा खिलाड़ी माना जाता है। जानकारी के मुताबिक, उसका ड्रग सिंडिकेट सालाना 5,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का काला कारोबार कर रहा था। भारत के कई हिस्सों में डोला की अवैध ड्रग फैक्ट्रियां और लैब पहले ही पकड़ी जा चुकी हैं। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी था और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने उस पर 1 लाख रुपये का इनाम भी रखा था। सलीम डोला पहले मुंबई और फिर दुबई से अपना पूरा नेटवर्क चला रहा था। भारतीय एजेंसियां पिछले साल से ही उसके करीबियों पर कार्रवाई कर रही हैं। अक्टूबर 2025 में डोला के करीबी मोहम्मद सलीम सोहेल शेख को दुबई से भारत लाया गया था। नवंबर 2025 में डोला के बेटे ताहिर डोला समेत परिवार के चार सदस्यों को भी दुबई से लाकर गिरफ्तार किया गया था। इस गिरफ्तारी को ड्रग नेटवर्क पर एक बड़ी चोट माना जा रहा है।

## 'मोदी की गारंटी' पर आतिशी ने उठाया सवाल, दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये नहीं मिले

### -दिल्ली में सरकार बने एक साल से ज्यादा समय हुआ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की राजनीति में फिर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है। आप नेता और पूर्व सीएम आतिशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी पर महिलाओं से किए गए वादों को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने ÷मोदी की गारंटी÷ पर सवाल उठाकर पूछा कि दिल्ली की महिलाओं को वादा किए गए अब तक क्यों नहीं मिले।

आप नेता आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने यह घोषणा की थी कि 8 मार्च 2025, यानी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर, दिल्ली की हर महिला के खाते में 2500 रुपये भेज दिए जाएंगे। अपने इस वादे को भाजपा ने बड़े स्तर पर प्रचारित भी किया था। लेकिन आतिशी के अनुसार, अब 8 मार्च 2026 भी बीत चुका है और महिलाओं को कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली। उन्होंने मोदी की गारंटी को ÷झूठा वादा÷ बताकर कहा कि यह दिल्ली की महिलाओं के साथ सीधा धोखा है। आतिशी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अन्य राज्यों, खासकर पश्चिम बंगाल में जाकर महिलाओं के लिए नई योजनाओं और आर्थिक सहायता के वादे कर रही हैं, जबकि दिल्ली की महिलाओं को अभी तक कोई लाभ नहीं मिला है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब दिल्ली में ही वादे पूरे नहीं हो रहे, तब अन्य राज्यों में किए जा रहे वादों पर कैसे भरोसा किया जाए। इसके अलावा, आतिशी ने महिलाओं से जुड़ी सुविधाओं में कटौती का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा करती थीं, लेकिन अब उन्हें 'पिंक कार्ड' बनवाने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है। उन्होंने दावा किया कि 100 से 150 मोहल्ला क्लीनिक बंद किए गए हैं, जिससे खासकर महिलाओं और गरीब वर्ग को मुफ्त इलाज और दवाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने के मुद्दे पर भी आतिशी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने राज्यसभा सचिवालय की अधिसूचना को असंवैधानिक बताकर कहा कि यह दलबदल विरोधी कानून का उल्लंघन है। उनके अनुसार, संविधान और सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट प्रावधानों के बावजूद इस तरह का विलय स्वीकार्य नहीं है। आतिशी ने अंत में भाजपा पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सत्ता हासिल करने के लिए किसी भी हद तक जाना सही नहीं है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित कर कहा कि इतिहास गवाह है-अत्याचार और अन्याय लंबे समय तक नहीं टिकते, और अंततः उनका पतन निश्चित होता है।

# आप के 7 सांसदों का एनडीए में स्वागत, टुकड़े-टुकड़े इंडिया ब्लॉक को अलविदा

### केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के आप छोड़ने और बीजेपी में शामिल होने को लेकर विपक्षी दल कदम की आलोचना कर रहे हैं। वहीं बीजेपी और उसके सहयोगी दल उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे। इस कड़ी में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बीजेपी में आने वाले सांसदों का स्वागत किया है।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने आप से बीजेपी में शामिल हुए 7 राज्यसभा सदस्यों का स्वागत किया। रिजिजू ने कहा कि उन सांसदों ने सदन ने न कभी अपशब्दों का प्रयोग किया न अनुशासनहीनता की। यह घटना तब हुई, जब राज्यसभा ने सोमवार को पार्टी पदों की एक नई सूची जारी की, क्योंकि आप के सात सदस्यों ने पार्टी से अलग होकर भाजपा में शामिल की घोषणा की थी।

इस बदलाव से सदन में बीजेपी का प्रतिनिधित्व 107 से बढ़कर 113 हो गया, जबकि आप का प्रतिनिधित्व घटकर तीन बचा। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने पोस्ट कर लिखा कि राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने 7 आप सांसदों के बीजेपी में आना स्वीकार किया है। अब, राघव चड्डा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजिंदर गुप्ता और विक्रमजीत सिंह साहनी भाजपा संसदीय दल के सदस्य हैं।

संसद में इन सभी सांसदों के आचरण की प्रशंसा कर केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैंने लंबे समय से देखा है कि इन 7 सांसदों ने कभी अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया है और न ही कभी किसी प्रकार की अनुशासनहीनता या असंसदीय आचरण का प्रदर्शन किया है। एनडीए में आपका स्वागत है और टुकड़े-टुकड़े इंडिया ब्लॉक को अलविदा।

क्या कहता है दल बदल कानून

संविधान की दसवीं अनुसूची के अनुसार, इस 1985 में 52वें संशोधन द्वारा जोड़ा गया था, सदस्य दल-बदल नहीं कर सकते, हालांकि, विलय के लिए अपवाद है। यदि किसी पार्टी के दो-तिहाई निर्वाचित सदस्य किसी अन्य पार्टी में विलय करने के लिए सहमत होते हैं, तब वे अयोग्य नहीं ठहराए जाते, न ही वे सदस्य अयोग्य ठहराए जाते हैं जो मूल पार्टी में बने रहने का विकल्प चुनते हैं।

## नई दिल्ली में बीजेपी में शामिल हुई आप सांसाद स्वाति मालीवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली में मंगलवार को एक राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला। जहां आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में शामिल हो गई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली में भाजपा नेताओं की मौजूदगी में उन्हें औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी मौजूद रहे। बताया गया कि स्वाति मालीवाल ने सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुई हैं। अपने बयान में उन्होंने यह दावा किया कि जब वे दिल्ली महिला आयोग में कार्यरत थीं, तब उन्होंने निष्पक्ष तरीके से काम किया और उस दौरान उन्हें विभिन्न स्तरों पर सहयोग भी मिला। उन्होंने भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त कर कहा कि यह उनके लिए भावनात्मक और महत्वपूर्ण दिन है।

# शंभू-हरियाणा बॉर्डर के पास रेलवे ट्रैक पर धमाके की नाकाम कोशिश, टीमें जांच में जुटी

### धमाके की कोशिश में शामिल व्यक्ति की मौत, ट्रैक पर मिला शव

**पटियाला (एजेंसी)।** पटियाला में शंभू-हरियाणा बॉर्डर के पास रेलवे ट्रैक पर कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखे जाने के बाद धमाका करने की नापाक कोशिश की गई। पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर इलाके का मुआयना किया। पटियाला के एसएसपी ने बताया कि सोमवार रात पटियाला पुलिस को शंभू-हरियाणा सीमा के पास रेलवे ट्रैक धमाका होने की आशंका सूचना मिली थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती जांच से पता चला कि वास्तव में एक बड़ा धमाका करने की एक कोशिश थी। इस कोशिश में शामिल व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और उसका शव बरामद हुआ है, जिस शख्स ने धमाका करने की कोशिश की, उसने निहंग सिंह का वेश धारण किया हुआ था। उसकी पहचान जगरूप सिंह के रूप में हुई है जो तरन तारन के पंजवार खुराद गांव का रहने वाला था। फॉरेंसिक की एक टीम धमाके वाली जगह से नमूने जमा कर रही है ताकि इस्तेमाल किए गए विस्फोटक की पहचान की जा सके। पुलिस हर



पहलू से मामले की पड़ताल कर रही है।

एसएसपी ने बताया कि किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है। मौके पर सिम कार्ड समेत जो भी साइंटिफिक एविडेंस मिला, उसको बरामद करके टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही पूरे षड्यंत्र का पर्दाफाश किया जाएगा। जीआरपी, आरपीएफ जांच में जुटी हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- मैं उस गंभीर इंटेलिजेंस विफलता की कड़ी निंदा करता हूं, जिसके कारण सोमवार रात शंभू के पास दिल्ली-राजपुरा रेलवे ट्रैक पर एक कायरतापूर्ण ब्लास्ट की कोशिश हुई। यह साफ है कि कई दिन पहले एक खतरे की जानकारी मिलने के बावजूद, कोई भी एहतियाती कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने लिखा कि यह घटना पुलिस थानों और चौकियों पर कई धमाकों और यहां तक कि स्टेट इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पर आरपीजी हमले के बाद हुई है।

उन्होंने लिखा कि पंजाब के सीएम भगवंत मान, जो गृह मंत्री भी हैं, उन्हें अपनी गहरी नींद से जागना चाहिए और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर को सुरक्षित करने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। उनका यह लापरवाही रवैया पंजाब को फिर से उस पुराने अंधेरे दौर में धकेल रहा है, जो बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। बता दें इससे पहले इसी साल जनवरी में भी ऐसा ही धमाका हुआ था। फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में फ्रेट कॉरिडोर के ट्रैक पर विस्फोट हुआ था। इस हादसे में एक ट्रेन का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया था और एक लोको पायलट घायल हुआ था।

## जयपुर में तेज आंधी से हवाई यातायात हुआ अस्त-व्यस्त, कई उड़ानें डायवर्ट और यात्री घंटों परेशान

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में बीती रात मौसम के अचानक बदले मिजाज ने हवाई यातायात को पूरी तरह पटरी से उतार दिया। शहर में आई भीषण आंधी और धूल के गुबार के कारण दृश्यता (विजिबिलिटी) इस कदर गिर गई कि जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमानों की सुरक्षित लैंडिंग कराना असंभव हो गया। इस प्राकृतिक व्यवधान के कारण तीन प्रमुख उड़ानों को दूसरे शहरों की ओर मोड़ना पड़ा, जबकि कई अन्य विमान ईंधन और सुरक्षा की चिंता के बीच घंटों आसमान में चक्कर काटते रहे।

रात के समय आई तेज आंधी के कारण पायलटों को रनवे देखने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने लैंडिंग की अनुमति देने से इनकार कर दिया। इसके परिणामस्वरूप, इंदौर से जयपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई-7745) को वापस इंदौर भेज दिया गया। वहीं, मुंबई से जयपुर आ रही एयर इंडिया




एक्सप्रेस और अहमदाबाद से जयपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई-7131) को दिल्ली एयरपोर्ट की ओर डायवर्ट किया गया। इन उड़ानों के डायवर्ट होने से यात्रियों को भारी मानसिक और शारीरिक परेशानी झेलनी पड़ी, क्योंकि वे अपने गंतव्य के बजाय दूसरे शहरों में फंस गए।

जो विमान डायवर्ट नहीं हुए, उनके यात्रियों की भी सांसें अटकी रहीं। मुंबई से आई एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई-413) करीब एक घंटे तक और गुवाहाटी से आ रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई-749) करीब पौने घंटे तक जयपुर के आसमान में चक्कर काटती रहीं। ईंधन की सीमित मात्रा और खराब मौसम के बीच पायलट लगातार एटीसी के संपर्क में रहे और मौसम साफ होने का इंतजार करते रहे। इस अनिश्चितता के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में 3 से 5 घंटे की अतिरिक्त देरी का सामना करना पड़ा। एयरपोर्ट परिसर में भी परिजनों का इंतजार लंबा होता गया, जिससे तनाव की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार, अचानक आए पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की गति 40 से 50 किमी प्रति घंटा तक पहुंच गई थी, जिसने रनवे पर दृश्यता को न्यूनतम स्तर पर पहुंचा दिया। एयरपोर्ट प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर ही लैंडिंग के बजाय डायवर्जन का कठिन निर्णय लिया गया। इस घटना ने एक बार फिर प्री-मानसून सीजन में हवाई यात्रा की चुनौतियों को उजागर कर दिया है। फिलहाल जयपुर एयरपोर्ट पर परिचालन सामान्य हो गया है, लेकिन अधिकारियों ने यात्रियों को अपनी फ्लाइट का स्टेटस चेक करके ही घर से निकलने की सलाह दी है।

# भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य शक्ति बना, रक्षा बजट में भारी वृद्धि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साल 2025 में वैश्विक रक्षा समीकरणों में भारत ने अपनी स्थिति और मजबूत की है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब दुनिया भर में अपनी सेनाओं पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाले देशों की सूची में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। पिछले वर्ष दुनिया के कुल सैन्य खर्च में भारत की हिस्सेदारी 3.2 प्रतिशत दर्ज की गई है। बता दें कि भविष्य की चुनौतियों और ऑपरेशन सिंदूर के अनुभवों को देखते हुए, भारत सरकार ने 2026-27 के केंद्रीय बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 7.85 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसमें 2.19 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत परिव्यय शामिल है, जिसका उपयोग नए लड़ाकू विमान, पनडुब्बियां, मिसाइलें और ड्रोन सिस्टम खरीदने के लिए किया जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका, चीन, रूस और जर्मनी इस सूची में क्रमशः पहले चार स्थानों पर काबिज हैं। 2025 में भारत का कुल सैन्य खर्च 92.1 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.9 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण पिछले साल पाकिस्तान के खिलाफ चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर था। इस अभियान के दौरान सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार रखने हेतु आपातकालीन आधार पर हथियारों और साजो-सामान की बड़े पैमाने पर खरीद की गई थी।

पड़ोसी देशों की बात करें तो चीन 336 अरब डॉलर के रक्षा बजट के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं, आर्थिक संकटों से जूझ रहा पाकिस्तान 11.9 अरब डॉलर के खर्च के साथ वैश्विक सूची में 31वें स्थान पर है। वैश्विक स्तर पर कुल सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें अकेले अमेरिका, चीन और रूस की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत है। यूरोप में भी रूस-यूक्रेन युद्ध और नाटो देशों की सक्रियता के चलते सैन्य खर्च में 14 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि देखी गई है।

भारत अपनी रक्षा रणनीति में अब बदलाव ला रहा है। यद्यपि भारत अभी भी सैन्य हार्डवेयर का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आयातक बना हुआ है, लेकिन रूस पर इसकी निर्भरता कम हो रही है। सिपरी के आंकड़ों के अनुसार, 2011-15 में भारत के कुल आयात में रूस की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 40 प्रतिशत रह गई है। भारत अब फ्रांस, इजरायल और अमेरिका जैसे देशों से आधुनिक तकनीक हासिल कर रहा है।



### डीजीपी ने ली रेंज स्तरीय अधिकारियों की मैराथन बैठक

# पुलिस मुख्यालय में रेंज समीक्षा बैठकः डीजीपी ने अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, तकनीकी नवाचार और जनसुनवाई पर दिए निर्देश

## हार्डकोर, हिस्ट्रीशीटर व आदतन अपराधियों पर सख्ती के दिये निर्देश

स्मार्ट हलचल | जयपुर

पुलिस मुख्यालय में महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय रेंज समीक्षा बैठक में प्रदेश की कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। मुख्यालय के सभागार में 6 घंटे से अधिक समय तक चली इस मैराथन बैठक में अपराध नियंत्रण, नवाचारों के क्रियान्वयन और पुलिसिंग को आधुनिक बनाने के लिए रेंजवार प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान जिलों द्वारा किए जा रहे अनूठे प्रयासों को साझा करते हुए बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप तैयार किया गया।

### अपराध नियंत्रण और वित्तीय प्रहार की रणनीति

बैठक के दौरान गंभीर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए बहुआयामी रणनीति पर जोर दिया गया। डीजीपी ने एनडीपीएस, गैंगस्टर्स और हार्डकोर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन (वित्तीय जांच) को अनिवार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों की अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर उनके अटैचमेंट की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही 5 साल से अधिक पुराने लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए एडीसी क्राइम द्वारा जारी निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

### हार्डकोर, हिस्ट्रीशीटर व आदतन अपराधियों पर होगी सख्तीः

पुराने और चिन्हित हार्डकोर अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर और आदतन द्वारा बार-बार किए जाने वाले अपराधों पर नाराजगी जताई गई और अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार करें और उनके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही अमल में लाएं ताकि वे अपराध न करने पाए। थानों के मालखानों में पड़ी सामग्री की स्थिति को देखते हुए इसके अभियान रूप में निस्तारण के निर्देश दिए गए।

### तकनीकी नवाचार और राजकॉप सिटीजन एप

आमजन को तकनीक का सीधा लाभ पहुँचाने के लिए डीजीपी ने राजकॉप सिटीजन एप के अधिकतम उपयोग पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के अधिकारी पृथक एप बनाने के स्थान पर अपने आइडिया मुख्यालय को भेजें ताकि उन्हें मुख्य एप ( राजकॉप सिटीजन एप) में ही समाहित किया जा सके। डीजीपी ने थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और नियमित रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करने के साथ-साथ डिटेक्शन, चालानी प्रतिशत और रिकवरी में स्तर को सुधारने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।



### यातायात प्रबंधन और आधारभूत सुधार

सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में जयपुर रेंज की 'लेन ड्राइविंग' व्यवस्था को विस्तार देने के निर्देश दिए गए। टोल प्लाजा पर जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास किए जाएंगे। थानों के 'स्वागत कक्षों' को अधिक प्रभावी बनाने के लिए वहां कंप्यूटर, सीसीटीएनएस और ऑनलाइन एंट्री की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इससे परिवादियों की प्रविष्टि तत्काल डिजिटल माध्यम से हो सकेगी और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी।

### झूठे मुकदमों पर भी हो कार्रवाई

बैठक में महिला अत्याचार और एससी/एसटी एक्ट से संबंधित प्रकरणों में अनुसंधान की गुणवत्ता पर चर्चा हुई। डीजीपी ने निर्देश दिए कि झूठे मुकदमे दर्ज कराने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार धारा 182/211 के तहत प्रभावी कार्रवाई कर इस्तगासा पेश किया जाए।

### बैठक में डीजीपी द्वारा दिए गए अन्य प्रमुख निर्देशः

बीट प्रणाली का सुदृढ़ीकरणः जमीनी स्तर पर सूचना तंत्र को मजबूत करने के लिए बीट कांस्टेबल व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और सक्रिय बनाया जाए। 81 हेल्पलाइन का गुणवत्तापूर्ण निस्तारणः राजस्थान संपर्क (181) हेल्पलाइन पर दर्ज होने वाले प्रकरणों का केवल निस्तारण ही न हो, बल्कि उनकी गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाए ताकि परिवादी को वास्तविक न्याय मिले। सुरक्षा और मॉनिटरिंगः सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को अत्यंत दुखद बताते हुए डीजीपी ने सभी एसपी और आईजी को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करें और लेन ड्राइविंग को प्रोत्साहित करें। साइबर क्राइम और 1930 हेल्पलाइनः साइबर अपराधों के मामले तुरंत दर्ज किए जाएं और उन पर त्वरित कार्यवाही हो। जिला एसपी स्वयं 1930 हेल्पलाइन पर दर्ज होने वाले प्रकरणों की प्रगति की निगरानी करेंगे। सीसीटीवी और अभय कमांड सेंटरः अपराध नियंत्रण और अनुसंधान में सीसीटीवी की भूमिका को अहम बताते हुए सभी एसपी को अभय कमांड सेंटर की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। फीडबैक तंत्रः फील्ड से मुख्यालय के बीच बेहतर तालमेल के लिए निरंतर फीडबैक मिलता रहे, ताकि राज्य स्तर पर कानून-व्यवस्था की सटीक समीक्षा की जा सके। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की घटना पर संबंधित एसपी तथ्यात्मक रिपोर्ट तत्काल प्रभाव से पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करावें। महिला बीट ओफिसर स्कीम को प्रभावी ढंग से अमल में लावें। एक माह बाद इसका रिव्यु किया जाएगा।

बैठक में डीजी लॉ एंड ऑर्डर श्री संजय अग्रवाल, डीजी ट्रैफिक श्री अनिल पालीवाल, डीजी स्पेशल ऑपरेशंस श्री आनंद श्रीवास्तव सहित विभिन्न प्रभागों के अतिरिक्त महानिदेशकों ने अपने-अपने प्रभागों से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी साझा की और पुलिसिंग के स्तर को और बेहतर बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### थाना गोद लेने के नवाचारों पर चर्चा

बैठक दौरान मुख्यालय के निर्देशों के अनुरूप दस वर्ष से अधिक सेवा वाले अधिकारियों द्वारा गोद लेने पर चर्चा की गई। इस दौरान जोधपुर पुलिस आयुक्तालय द्वारा 'थाना गोद लेने बाबत' एक विशेष प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस अभिनव योजना का उद्देश्य थानों की कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार, संसाधनों का कुशल प्रबंधन और पुलिस-पब्लिक समन्वय को और अधिक प्रगाढ़ करना है। महानिदेशक पुलिस ने इस नवाचार की सराहना करते हुए अन्य अधिकारियों को भी अपने क्षेत्रों में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी बदलाव लाने और नवीन प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पुलिस अधिकारी पर कार्रवाई के निर्देश, बुजुर्ग की सुरक्षा पर जताई चिंता

### हाईकोर्ट सख्तः धमकी व अभद्रता के आरोपों के बीच कोर्ट का दखल

स्मार्ट हलचल | जोधपुर/भीलवाड़ा



राजस्थान उच्च न्यायालय ने एक गंभीर मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया है कि आमजन की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। न्यायमूर्ति फरजंद अली की एकलपीठ ने दोषी पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने और उसे संबंधित क्षेत्र से दूर रखने के निर्देश दिए हैं।

मामले में याचिकाकर्ता सीनियर सिटिजन व वरिष्ठ पत्रकार अनिल राठी ने आरोप लगाया है कि राजपाल सिंह ने फोन पर उनके साथ गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट ने इन आरोपों को गंभीर मानते हुए कहा कि एक बुजुर्ग, जिसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, उसे भयमुक्त वातावरण में जीने का अधिकार है।

अदालत ने गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को आदेश की प्रति भेजने के निर्देश देते हुए कहा कि दोषी अधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि संबंधित अधिकारी को उस क्षेत्र से दूर रखा जाए, ताकि किसी प्रकार का दबाव या उत्पीड़न न हो।

कोर्ट ने राज्य सरकार से अब तक की गई कार्रवाई पर जवाब तलब करते हुए अगली सुनवाई 8 मई 2026 निर्धारित की है, जहां छ्रश्क्कसे विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

कड़ा संदेश–अगर कानून के रक्षक ही आरोपों में घिरेंगे, तो न्यायालय सीधे हस्तक्षेप करेगा।

# जन्म प्रमाण पत्र में नाम बदलने में गजट नोटिफिकेशन अनिवार्य

### सरनेम जोड़ने के लिए भी तय किए गए सख्त नियम, नए दिशा-निर्देश जारी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जन्म प्रमाण पत्र में नाम, मध्य नाम या सरनेम में बदलाव को लेकर अब नियम और सख्त कर दिए गए हैं। जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 (संशोधित 2023) एवं राज्य नियम 2000 (संशोधित 2025) के तहत नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग श्रीमती सोनलराज ने बताया कि अब जन्म प्रमाण पत्र में नाम परिवर्तन केवल अधिकृत गजट नोटिफिकेशन के आधार पर ही संभव होगा। राजस्थान के निवासियों को राज्य सरकार के राजपत्र और अन्य राज्यों के निवासियों को भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित नोटिफिकेशन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

### सरनेम जोड़ने के लिए भी नियम तय

यदि जन्म प्रमाण पत्र में केवल मूल नाम दर्ज है और सरनेम जोड़ना है, तो इसके लिए माता-पिता के सरनेम से जुड़े दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। साथ ही, साधारण कागज (पाई पेपर) पर शपथ पत्र देकर ही सरनेम जोड़ा जा सकेगा।

नए नियमों के लागू होने से फर्जी संशोधनों पर रोक लगेगी और दस्तावेजों की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

# जन्म प्रमाण पत्र में नाम/मध्य नाम/सरनेम में परिवर्तन के नवीन दिशा निर्देश जारी



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 (संशोधित 2023) एवं राज्य नियम 2000 (संशोधित 2025) के प्रावधानो की पालना करते हुए पूर्व में जारी जन्म प्रमाण पत्र में नाम/मध्य नाम/सरनेम में परिवर्तन के संबंध में नवीन दिशा निर्देश जारी किए गए।

जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग श्रीमती सोनलराज ने बताया कि नवीन दिशा निर्देशों के अनुसार राजस्थान के निवासियों के लिए राजस्थान सरकार के राजपत्र एवं अन्य राज्य के निवासियों के लिए भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित गजट नोटिफिकेशन के आधार पर ही जन्म प्रमाण पत्र में शिशु के नाम में संशोधन किये जा सकेंगे।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि यदि बच्चे के जन्म प्रमाण में मूल नाम ही अंकित है उनका सरनेम जोडने हेतु उससे संबधित माता/पिता के सरनेम के दस्तावेज/साक्ष्य प्राप्त कर एक शपथ पत्र (पाई पेपर पर) लेकर सरनेम जोड़ा जा सकेगा।

# अंतरराष्ट्रीय मंच की ओर रिंकी, संत समाज ने बढ़ाया हाथ

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** मुए थाई की उभरती खिलाड़ी रिंकी सुखानी को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संत समाज व विभिन्न ट्रस्टों ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। रिंकी ने हाल ही में 7वीं ख्रु नेशनल सीनियर मुए थाई चैंपियनशिप-2026 में 75 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देशभर में अपनी पहचान बनाई है।

अब उनका चयन मुए थाई वर्ल्ड चैंपियनशिप-2026 (कुआलालंपुर, मलेशिया) के लिए हुआ है। प्रतियोगिता के खर्च को देखते हुए समाज आगे आया और कुल 1 लाख रुपए की सहायता प्रदान की गई।



अखिल भारतीय सिंधु संत समाज ट्रस्ट ने 50 हजार, हंसगंगा हरिशेवा चैरिटेबल ट्रस्ट ने 20 हजार तथा हरिशेवा धर्मशाला ट्रस्ट ने 30 हजार का सहयोग दिया।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी ने रिंकी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाएं देश का नाम वैश्विक मंच पर रोशन करेंगी और समाज का सहयोग उनके हौसले को नई उड़ान देगा।

# भीलवाड़ा में ऐतिहासिक कार्रवाई जारीः 110 भूखण्ड निरस्त, अब 400 और भूखण्डों पर कड़ी नजर

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

नगर विकास न्यास द्वारा शुरू की गई सख्त और ऐतिहासिक कार्रवाई अब थमने वाली नहीं है। हाल ही में 110 भूखण्डों को निरस्त कर पुनः अपने नाम दर्ज करने के बाद अब न्यास ने संकेत दिए हैं कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। सूत्रों के अनुसार, करीब 400 अतिरिक्त भूखण्डों की सूची भी जल्द जारी की जा सकती है, जिनकी गहन जांच वर्तमान में चल रही है।

यह पूरी कार्रवाई शहर के शहरी विकास इतिहास में एक नई मिसाल बनती जा रही है, जहां प्रशासन अवैध स्वामित्व और संदिग्ध दस्तावेजों के खिलाफ लगातार सख्ती बरत रहा है।

### पहली कार्रवाई से बना मजबूत आधार

न्यास द्वारा पहले चरण में 110 भूखण्डों को निरस्त कर सरकारी रिकॉर्ड में पुनः दर्ज किया गया। इस निर्णय से करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि सुरक्षित हुई और यह स्पष्ट संदेश गया कि बिना वैध दस्तावेज के किसी भी प्रकार का स्वामित्व स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इस कार्रवाई के बाद अब प्रशासन और अधिक सतर्क हो गया है तथा शेष भूखण्डों की भी चरणबद्ध जांच की जा रही है।

### अब 400 भूखण्डों पर फोकस

न्यास सूत्रों के अनुसार, करीब 400 और भूखण्ड ऐसे हैं जिनके दस्तावेजों और स्वामित्व को लेकर संदेह की स्थिति बनी हुई है। इन सभी मामलों में रिकॉर्ड का सूक्ष्म परीक्षण किया जा रहा है। जांच पूरी होते ही इन भूखण्डों की सूची सार्वजनिक की जाएगी और संबंधित पक्षों को नियम अनुसार दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा। तय समय सीमा में संतोषजनक प्रमाण नहीं मिलने पर इन भूखण्डों को भी निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रशासनिक सख्ती की चर्चा

इस पूरे अभियान को लेकर शहर में व्यापक चर्चा का माहौल है। आमजन इसे एक साहसिक और जनहितकारी कदम के रूप में देख रहे हैं। न्यास अध्यक्ष जसमीत सिंह संधू और न्यास सचिव ललित गोयल के नेतृत्व में चल रही इस कार्रवाई को पारदर्शी प्रशासन का प्रतीक माना जा रहा है।

लोगों का मानना है कि यदि इसी प्रकार की सख्ती आगे भी जारी रही, तो शहर में अवैध कब्जों और अनियमितताओं पर प्रभावी रोक लगेगी।

### आमजन में बढ़ी उम्मीद

फिलहाल यह विषय शहरभर में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। नागरिकों के बीच यह उम्मीद बढ़ी है कि आने वाले समय में सभी संदिग्ध और विवादित भूखण्डों पर इसी प्रकार निष्पक्ष कार्रवाई होगी। हालांकि अभी तक सामाजिक संगठनों की औपचारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन आमजन इसे सकारात्मक बदलाव की शुरुआत मान रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि यह अभियान शहर के समग्र विकास को नई दिशा देगा।

### भविष्य की स्पष्ट रणनीति

नगर विकास न्यास ने संकेत दिए हैं कि यह केवल एक शुरुआत है। जांच प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाते हुए आने वाले समय में ऐसे सभी भूखण्डों को चिन्हित कर नियमानुसार निरस्त किया जाएगा, जहां वैध स्वामित्व सिद्ध नहीं हो पाता।

# अरावली में अवैध खनन से ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासन की कार्रवाई पर उठे सवाल

स्मार्ट हलचल


**नारायणपुर।** बासदयाल थाना क्षेत्र के बड़ागाँव में इन दिनों अरावली पर्वतमाला में हो रहे अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दो वर्षों से कुछ प्रभावशाली खनन माफिया 4-5 जेसीबी और एलएनटी मशीनों के साथ दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रोलियों की मदद से पुलिस की कथित मिलीभगत में पर्वतीय क्षेत्र में जबरन खनन कर रहे हैं। इस अवैध गतिविधि से सरकारी संपत्ति, सिवायचक भूमि और प्राकृतिक पर्वतीय क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों के अनुसार खनन माफिया देर रात तक पत्थरों का परिवहन करते हैं, जिससे क्षेत्र में लगातार शोर-शराबा बना रहता है और लोगों को रात में आराम तक नहीं मिल पा रहा है। भारी वाहनों के लगातार आवागमन से ग्रामीण मार्ग भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण आए दिन वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं और किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर वे कई बार जनप्रतिनिधी और प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। 14 दिसंबर 2025 को क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत और बासदयाल थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी गई थी। इसके अलावा कोटपुतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से भी कई बार मिल चुके हैं।

# राजस्थान रॉयल्स की शानदार जीत, 222 रन का लक्ष्य किया हासिल

### पंजाब किंग्स पर धमाकेदार जीत, बल्लेबाजों के दम पर मजबूत हुई टीम की स्थिति

स्मार्ट हलचल | जयपुर

आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स के खिलाफ 222 रन का बड़ा लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। इस जीत के साथ राजस्थान की टीम ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।



मैच में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विशाल स्कोर खड़ा किया था। टीम के बल्लेबाजों ने तेज शुरुआत करते हुए राजस्थान के सामने 222 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा।

जवाब में राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बना ली। ओपनिंग जोड़ी ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई, जिसके बाद मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी निभाते हुए रन गति को बनाए रखा।

राजस्थान के बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। मैच के दौरान कई शानदार शॉट्स और दर्शनीय छक्कों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

इस जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स ने अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और प्लेऑफ की दौड़ में खुद को मजबूती से बनाए रखा है।

क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि टीम का यह प्रदर्शन आने वाले मैचों के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है। यदि इसी तरह का प्रदर्शन जारी रहा तो राजस्थान रॉयल्स इस सीजन में खिताब की प्रबल दावेदार बन सकती है।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए मेगा एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का आगाज़

### मेगा एचपीवी अभियान में हजारों बालिकाओं को मिला कैंसर से बचाव का सुरक्षा कवच, एक दिन में 5076 बालिकाओं को टीकाकरण सत्रों पर लगाया नि:शुल्क टीका

## 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को मिली सुरक्षित भविष्य की सौगात

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से मेगा एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का प्रभावशाली शुभारंभ किया गया। जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में बुधवार को जिलेभर के चिकित्सा संस्थानों पर विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 5076 बालिकाओं को नि:शुल्क एचपीवी टीका लगाकर सुरक्षित भविष्य की सौगात दी गई।

### 'टीकाकरण ही सुरक्षा का सशक्त कवच' — सीएमएचओ

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने अभियान को बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि एचपीवी टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी एवं सुरक्षित उपाय है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी भ्रम या आशंका में आए बिना अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण अवश्य करवाएं।



### एक डोज से दीर्घकालीन सुरक्षा

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित एवं प्रभावी है, जो सर्वाइकल कैंसर से दीर्घकालीन सुरक्षा प्रदान करती है। विशेष रूप से 14 वर्ष की आयु में एक ही डोज पर्याप्त सुरक्षा देने में सक्षम है। उन्होंने आमजन से किसी भी प्रकार के भ्रम या भय से दूर रहने का आह्वान किया।

### सशक्त मॉनिटरिंग और ठोस रणनीति से सफल क्रियान्वयन

अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर विशेष मॉनिटरिंग टीमें गठित की गई जिन्होंने ब्लॉक स्तर तक समन्वय स्थापित कर निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप टीकाकरण सत्रों का संचालन किया। अभियान से पूर्व विद्यालयों एवं समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य कार्मिकों द्वारा व्यापक जागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं, जिससे जनभागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। जिला आरसीएच अधिकारी डॉ. अभिनव निर्वाण ने बताया कि अभियान की सतत निगरानी के लिए गूगल लिंक आधारित ऑनलाइन रिपोर्टिंग व्यवस्था लागू की गई है, जिससे रियल-टाइम डेटा अपडेट कर प्रगति पर प्रभावी नजर रखी गई।

### लक्ष्य की ओर मजबूत बढ़त, गुरुवार को उपलब्धि पोर्टल पर होगी अपलोड

अभियान के दौरान जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 5076 बालिकाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया। अभियान के दौरान प्राप्त इस उपलब्धि को गुरुवार को पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा।

# सांसद सीपी जोशी पुनः बने संसद की याचिका समिति के सभापति

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

चित्तौड़गढ़ सांसद व भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी को संसद की लोकसभा में याचिका (पिटीशन) समिति का पुनः सभापति मनोनीत किया है।

सांसद जोशी को संसद की 15 सदस्यीय लोकसभा की याचिका समिति का सभापति व अन्य 14 सांसदों को सदस्य बनाया गया है। जिनमें सदस्य सांसद एंटो एंटनी, सुखदेव भगत, राजू बिष्टा, गुरमीत सिंह, बस्तीपति नागराजू, मीतेश पटेल बाकाभाई, डॉ. राजकुमार सांगवान, कमलजीत शेहरावत, देवेश शाक्य, मंजू शर्मा, विष्णु दत्त शर्मा, अभय कुमार सिन्हा व राजमोहन उन्नियन, मनोज तिवारी है।

सांसद जोशी वर्तमान में संसद की याचिका समिति के सभापति के साथ साथ सार्वजनिक उपक्रम समिति व ऊर्जा समिति में सदस्य हैं। पूर्व में बहु-राज्य सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2022 बिल की संयुक्त समिति के सभापति भी रह चुके हैं।



सांसद जोशी ने याचिका समिति के पुनः सभापति मनोनीत किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार जताया।

गौरतलब हैं की लोकसभा की याचिका समिति एक महत्वपूर्ण समिति है। इसके कार्य आम जनता की ओर से संसद में उठाई गई याचिकाओं पर विचार करना, याचिकाओं पर सरकार से राय मांगना, याचिकाओं पर रिपोर्ट देना, याचिकाओं के निपटान के लिए निर्देश देना, याचिकाओं से जुड़े मामलों में मंत्रालय के विचारों पर विचार करना, याचिकाओं के निपटान के लिए सभा में रिपोर्ट पेश करना, नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना आदि है।

# भीषण गर्मी में राहतः चित्तौड़गढ़ व्यापार महासंघ ने शुरू किए शीतल जल केंद्र

## बस स्टैंड से हुई शुरुआत, शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी लगाए जाएंगे प्याऊ

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़



ग्रीष्म ऋतु की तीव्र गर्मी को देखते हुए चित्तौड़गढ़ व्यापार महासंघ संस्थान ने आमजन को राहत देने के उद्देश्य से शहर में शीतल पेयजल की व्यवस्था शुरू की है। इस पहल के तहत राहगीरों के लिए विभिन्न स्थानों पर ठंडे पानी के काउंटर लगाए जा रहे हैं। महासंघ के अध्यक्ष सुनील जागेटिया ने बताया कि तेज धूप और भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए यह सेवा अभियान प्रारंभ किया गया है, ताकि राहगीरों को पीने के पानी की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सके। महासंघ के मंत्री राजकुमार बज ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन उपखंड अधिकारी बिनु देवल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने महासंघ के सामाजिक सरोकारों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था लंबे समय से समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है और भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा जारी रखे। कार्यक्रम में कोतवाली थाना प्रभारी तुलसीराम ने भी व्यापार महासंघ के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि चित्तौड़गढ़ का व्यापारी वर्ग हमेशा सामाजिक एवं जनहित के कार्यों में अग्रणी रहा है।

संस्थान के सचिव प्रतीक बोहरा के अनुसार, बस स्टैंड के सामने पहले प्याऊ का उद्घाटन किया गया है। इसके साथ ही आवश्यकता अनुसार सुभाष फाटक पेट्रोल पंप के पास और चामटी खेड़ा चौराहा जैसे स्थानों पर भी शीतल जल के काउंटर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम के लिए टेंट की व्यवस्था कृष्ण टेंट (भरत जागेटिया) द्वारा निशुल्क की गई। कोषाध्यक्ष सुनील कोठारी ने बताया कि इस सेवा कार्य में कई व्यापारियों और संगठनों ने भी सहयोग दिया है। स्वयंसेवी समूहों के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। संस्थान के संरक्षक ओमप्रकाश लड्ढा, सुरेश जैन, नंदलाल बिलोची, किरण डांगी सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को होने वाली परेशानी को देखते हुए यह पहल की गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और जल संरक्षण का भी ध्यान रखें। इस अवसर पर लोकेंद्र भड़कतिया, मेहता शरद, प्रहलाद नामधार, गोविंद पटवा, राजेश सेठिया, मोहम्मद रफीक, मुकेश जाट, प्रमोद काबरा, प्रहलाद जागेटिया, हरीश गुरनानी, पिंटू मोदी, सतीश धुत, सुनील गोस्वामी, मुकेश वेद, विनोद चंदक, सत्यनारायण सुखवाल, मनीष बांगर, लव पोखरना सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बंदर ने स्कूल में छात्रा को काटा

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बुधवार सुबह एक बंदरिया ने जमकर उत्पात मचाया, इससे दौरान बंदरिया ने एक छात्रा को काटा लिया । ढ़ेलाणा विद्यालय में आज बुधवार को जब बच्चे स्कूल पहुंचे तो एक बंदरिया स्कूल में आ गई, बंदरिया को देखकर बच्चे भयभीत हो गए और बच्चों में चीख-पुकार मच गई । बंदरिया ने



एक छात्रा अर्पिता जाट के हाथ को काट लिया, जिसको बाद में सवाईपुर चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार करवाया । ग्रामीणों ने बंदरिया को लकड़ी से डराकर भगाया।

# 21 मई से सगस दरबार में नव कुंडी महायज्ञ, भागवत कथा व रामलीला

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के गायत्री नगर स्थित पांडु के नाले पर सगस दरबार मंदिर में 21 से 29 मई तक नव कुंडी श्री हरिहर महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा और भव्य रामलीला का आयोजन होगा।

भोपा रामेश्वर गाडरी के सानिध्य में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। महन्त श्री 1008 राम सागर दास के सानिध्य में होने वाले आयोजन की शुरुआत 21 मई को पंचांग पूजन व कलश यात्रा से होगी।

22 से 28 मई तक प्रतिदिन



दोपहर में भागवत कथा और रात्रि में रामलीला मंचन होगा, जबकि 29 मई को पूर्णाहुति व महाप्रसादी के साथ समापन किया जाएगा।

समिति ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ लेने का आह्वान किया है।

# 30 अप्रैल को भीलवाड़ा में सजेगा सितारों का मेला, नामचीन कलाकारों की मौजूदगी

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** शहर में 30 अप्रैल को नगर निगम महाराणा प्रताप सभागार में भव्य समारोह आयोजित होगा, जिसमें फिल्म अभिनेता हरीश कुमार, टीवी कलाकार के.के. गोस्वामी, मशहूर कॉमेडियन एहसान कुरैशी और राजा चौधरी विशेष आकर्षण रहेंगे।

यह आयोजन पार्षद श्यामलाल मल्होत्रा की धर्मपत्नी कौशल्या देवी मल्होत्रा के रिटायरमेंट सम्मान समारोह के अवसर पर किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।आयोजकों के अनुसार, यह समारोह भीलवाड़ा के लिए एक बड़ा सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजन साबित होगा।

# नगर परिषद निंबाहेड़ा में एक दिवसीय आवास मेला आयोजित, 5 लाभार्थियों को फ्लैट का कब्जा पत्र सौंपा

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा



नगरीय विकास विभाग के संदर्भित आदेशानुसार ब्याज एवं पेनल्टी में छूट के अवसर पर नगर परिषद निंबाहेड़ा द्वारा एक दिवसीय आवास मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को फ्लैट के कब्जा पत्र तथा 2 लाभार्थियों को आवंटन पत्र प्रदान किए गए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को आवास के लिए ऋण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर लाभार्थी परिवारों के परिजन भी मौजूद रहे और उन्होंने अपने घर का सपना साकार होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को आवास उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से अनेक परिवारों को घर का सपना साकार करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ब्याज एवं पेनल्टी में छूट जैसे निर्णय आमजन को राहत देने के लिए लिए गए हैं, जिससे अधिक से अधिक पात्र लोग योजना का लाभ उठा सकें।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, जिला उपाध्यक्ष ओंकारलाल धाकड़, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बुनकर, पूर्वी मंडल भाजयुमो महामंत्री सोनू झंवर, रवि जाट, पूरण पुरबिया एवं मुकेश बम उपस्थित रहे।नगर परिषद निंबाहेड़ा की ओर से सहायक प्रशासनिक अधिकारी कपिल जुनेजा, सुरेश धोबी, पुष्पेंद्र सिंह, रामेश्वरलाल मीणा एवं पर्वत सिंह ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का संचालन किया। वहीं मुख्यमंत्री आवास योजना के डवलपर की ओर से योगेंद्र सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहे।

# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट बोर्ड का हुआ पुनर्गठन

### पहली बार महिलाओं और युवाओं को मिला स्थान




स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट शास्त्रीनगर के ट्रस्ट बोर्ड का सर्व सम्मति से पुनर्गठन हुआ। जिसमें पहली बार महिलाओं और युवाओं को ट्रस्ट में स्थान दिया गया। पुनर्गठित ट्रस्ट बोर्ड में भगवती देवी झांझरी एवं रसाली देवी पाटनी को संरक्षक मनोनीत किया वही सुनीता पाटनी, भूमिका जैन को ट्रस्टी मनोनीत किया। साथ ही युवा वर्ग में मयंक गंगवाल, राजेन्द्र छाबड़ा एवं विजय चौधरी को ट्रस्टी मनोनीत किया। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि ट्रस्ट बोर्ड में प्रेमचंद सेठी को संरक्षक विजय झांझरी कार्याध्यक्ष, सुरेश कोठारी उपाध्यक्ष एवं लोकेंद्र जैन को सहमंत्री मनोनीत किया। इसके अलावा भारती सोनी को सांस्कृतिक सचिव एवं सुशील टोंग्या को मीडिया प्रभारी बनाया। सभी नए ट्रस्टियों को शीघ्र ही शपथ दिलाई जाएगी।

# बोरखेड़ा के जंगल में लगी आग



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर क्षेत्र के बोरखेड़ा गांव के जंगल में बुधवार दोपहर को अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई, आग तेज हवा के चलते फैलने लगी, दमकल की मदद से बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया । ग्रामीण ओमेंद्र सिंह ने बताया कि बोरखेड़ा गांव के जंगल में बुधवार दोपहर बाद अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई, आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी के टैंकरों व कुओं की मोटरें चलाकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन हवा के चलते आग पर काबू नहीं पाया गया और आग तेजी से फैलने लगी । ग्रामीणों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी, भीलवाड़ा व मांडलगढ़ से पहुंची दमकल ने ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । आग से अंग्रेजी बबलू, जनमनी, पेड़-पौधे व छोटे जीव जंतु जलकर राख हो गए।

# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुर में व्यावसायिक शिक्षा लैब का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल







**भीलवाड़ा।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पुर में व्यावसायिक शिक्षा (अपेरल ट्रेड) लैब का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा डॉ. कल्पना शर्मा मुख्य अतिथि रहीं, जबकि शिक्षाविद् डॉ. शंकरलाल माली ने अध्यक्षता की।

एसडीएमसी विधायक प्रतिनिधि नोरत पानगड़िया, एसएमसी अध्यक्ष गोविंद व्यास व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी की उपस्थिति में मौली बंधन खोलकर लैब का उद्घाटन किया गया। प्रधानाचार्य प्रेमशंकर जोशी ने विद्यालय की उपलब्धियों व आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला, वहीं कौशल मित्र राजेश शर्मा व प्रशिक्षक सुनीता पलोड़ ने अपेरल ट्रेड की जानकारी दी। अतिथियों ने व्यावसायिक शिक्षा को राष्ट्र निर्माण व विशेष रूप से बालिकाओं के कौशल विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में अतिथियों का तिलक, पगड़ी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर 101 छात्राएं सहित स्टाफ व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# गुरलां में कालिका माता के पास अरावली पर्वतमाला की पहाड़ी पर भीषण आग, घंटों धधकती रही वन संपदा

स्मार्ट हलचल



**गुरलां।** गुरलां क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध कालिका माता मंदिर के पास अरावली पर्वतमाला पहाड़ी पर मंगलवार को अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पहाड़ी के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। रात के अंधेरे में पहाड़ी पर उठती आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई।

**घटना का विवरण:**

जानकारी के अनुसार, आग मंगलवार दोपहर बाद अरावली पर्वतमाला पहाड़ी के निचले हिस्से से शुरू हुई और तेज हवाओं के कारण तेजी से ऊपर की ओर फैल गई। आग लगने के कारणों का अभी तक सटीक पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि भीषण गर्मी और सूखे घास-फूस के कारण आग तेजी से फैली।

राहत कार्यःआग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण और मंदिर कमेटी के सदस्य मौके पर पहुंचे। वन विभाग और प्रशासन को भी सूचित किया गया। सुचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी चंद्र पाल सिंह दिनेश रेगर रूपेंद्र सिंह पुरावत मोके पर पहुंचे ओर। पहाड़ी रास्ता दुर्गम होने के कारण आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। फिलहाल किसी जनहानि या मंदिर के मुख्य ढांचे को नुकसान नहीं है, हालांकि पहाड़ी पर मौजूद वनस्पतियों और जीव-जंतुओं को भारी नुकसान होने की आशंका है। वन विभाग अधिकारियों का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी। क्या यह किसी मानवीय लापरवाही का नतीजा है या प्राकृतिक कारणों से लगी, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# भाट समाज की 21वीं वर्षगांठ पर पण्डेर में भक्ति और उत्साह का संगम



## भव्य कलश यात्रा निकली

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** पण्डेर - कस्बे में भाट समाज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व संध्या पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें निर्गुणी भजन गायकों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की मधुर धुनों पर देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे और पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया। बुधवार को प्रातः 7:15 बजे शिव मंदिर परिसर (लालोलाई तालाब) में धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। यहां 51 जोड़ों ने हवन कुंड में बैठकर विधि-विधान से आहुतियां दीं। पंडित घीसा लाल तिवाड़ी एवं मनोज तिवाड़ी के सान्निध्य में मंत्रोच्चारण के साथ हवन संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे विश्वास और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज की खुशहाली की कामना की। हवन के पश्चात भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जो इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। इस यात्रा में 121 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं की यह शोभायात्रा अत्यंत आकर्षक नजर आई। बैंड-बाजों और धार्मिक ध्वजों के साथ निकली यह यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा की गई, जिससे माहौल और भी भक्तिमय बन गया।

इस आयोजन में समाज के युवा, बुजुर्ग और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जो समाज की एकता और परंपराओं के प्रति आस्था को दर्शाता है। पूरे दिन कस्बे में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और लोग इस आयोजन में शामिल होकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते नजर आए। कार्यक्रम के समापन पर सायं 5:15 बजे भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों और आमजन ने प्रसाद ग्रहण किया।

# शिक्षा से ही समाज का विकास, संगठन में ही समाज की शक्ति : सैनाचार्य अचला नंद गिरी जी महाराज

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा





सैन समाज के पूज्य सैनाचार्य अचला नंद गिरी जी महाराज ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास का सबसे बड़ा माध्यम है तथा संगठित समाज ही निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित करता है। उन्होंने समाज में आपसी सहयोग, सम्मान एवं एकता बनाए रखने का संदेश देते हुए कहा कि एक-दूसरे का पैर खींचने के बजाय हाथ पकड़कर आगे बढ़ाने की सोच समाज को मजबूत बनाती है। साथ ही उन्होंने नारी शक्ति एवं गौ माता के सम्मान का भी आह्वान किया। यह विचार उन्होंने बुधवार को भीलवाड़ा में आयोजित अपने जन्मोत्सव समारोह के दौरान व्यक्त किए।

जानकारी देते हुए राहुल सेन ने बताया कि सैनाचार्य अचला नंद गिरी जी महाराज रायका बाघ, जोधपुर से प्रस्थान कर भीलवाड़ा पहुंचे, जहां कमला पाम सोसाइटी के मुख्य द्वार पर समाजजनों ने ढोल-नगाड़ों, पुष्प वर्षा एवं जयकारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान सेन समाज के नागरिकों ने कॉन्ट्रैक्टर ओम प्रकाश सेन के नेतृत्व में केक काटकर सैनाचार्य जी का जन्मोत्सव मनाया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना की।

कार्यक्रम में गिरी माहेश्वरी, राजेश गोयल, उमेश बिश्नोई एवं भास्कर मानसिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं सेन समाज के लादू लाल सेन, गोपाल लाल सेन एवं राहुल सेन ने सैनाचार्य अचला नंद गिरी जी महाराज का शाल एवं पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया। कल्पना पाम सोसायटी महिला मंडल की ओर से कल्पना माहेश्वरी, मधु देवपुरा, जय शर्मा एवं ऋतु मानसिंहका ने भी महाराज श्री का स्वागत किया।

कार्यक्रम में सेन समाज के गणमान्यजन, युवा एवं महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पूरे आयोजन में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

जन्मोत्सव कार्यक्रम के पश्चात सैनाचार्य अचला नंद गिरी जी महाराज रामगंज मंडी, कोटा के लिए प्रस्थान कर गए।

# दोलजी खेड़ाः कल्लाजी राठौड़ मंदिर में कलश स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

### पांच दिवसीय महायज्ञ की हुई पूर्णाहूति; पूर्व प्रधान बोले- धार्मिक आयोजनों से सनातन संस्कृति को मिलती है मजबूती



स्मार्ट हलचल

**मांडलगढ़।** क्षेत्र के दोलजी खेड़ा गांव स्थित श्री श्री 1008 कल्लाजी राठौड़ धार्मिक स्थल पर चल रहे पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का बुधवार को कलश स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा के साथ भव्य समापन हो गया। वैदिक मंत्रोच्चार और भगवान के जयकारों से पूरा इलाका भक्ति रस में सराबोर नजर आया।

**विधि-विधान से दी आहुतियां, स्थापित हुआ कलशः**

यज्ञाचार्य बनवारी लाल शर्मा और गुरुजी नंदलाल नाथ के पावन सानिध्य में यजमान जोड़ों ने यज्ञ वेदी पर बैठकर विधि-विधान से आहुतियां अर्पित कीं। अनुष्ठान की पूर्णाहूति के पश्चात अत्यंत भक्तिमय माहौल में कल्लाजी राठौड़ मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना की गई। इस दौरान देवनारायण भगवान और कल्लाजी राठौड़ के जयकारों से समूचा प्रांगण गूंज उठा। उपस्थित सभी भक्तों ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। धार्मिक आयोजन के समापन अवसर पर महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

**सामूहिक अनुष्ठानों से बढ़ता है भाईचारा- गोपाल मालवीयः**

इस मौके पर पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय ने भी शिरकत की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से हमारी सनातन संस्कृति को मजबूती मिलती है और युवा पीढ़ी की अपनी धार्मिक परंपराओं के प्रति रुचि बढ़ती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ऐसे सामूहिक अनुष्ठानों से समाज में आपसी भाईचारा और एकता की भावना भी सुदृढ़ होती है।

इस पावन अवसर पर कल्लाजी राठौड़ मंदिर के पुजारी कैलाश चंद्र, उदय लाल मीणा, भोपाजी सूरजमल मीणा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व श्रद्धालु मौजूद रहे। महायज्ञ में दी गई आहुतियों और वैदिक मंत्रों की गूंज से दोलजी खेड़ा गांव और आसपास का पूरा वातावरण धर्ममय हो गया।

‘कौमी एकता और दीनी रूहानियत का संगम’

# रोशन अली बाबा साहब के 65 वें उर्स का शानदार आगाज़

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा





रोशन अली बावा सेवा संस्थान रजि., सुभाष चौक सब्जी मंडी, निंबाहेड़ा के तत्वावधान में हज़रत रोशन अली बावा साहब रहमतुल्लाह अलैह के 65 वें सद्भावना उर्स मुबारक के अवसर पर आयोजित चार दिवसीय उर्स का आगाज़ मंगलवार रात्रि को अकीदत, एहतराम और रूहानी फिज़ा के बीच हुआ। पहले दिन का कार्यक्रम पूरी तरह दीनी रंग में रंगा नजर आया, जिसमें शहर के विभिन्न मदरसों के बच्चों द्वारा प्रभावशाली प्रतियोगिताएं (कम्पटीशन) आयोजित की गईं।

तिलावते कुरआन से हुआ महफ़िल का आगाज़

उर्स कमेटी के संयोजक मोहम्मद फारूख छीपा ने बताया कि महफ़िल की शुरुआत मौलानाओं द्वारा तिलावते कुरआन-ए-पाक से की गई, जिससे पूरा वातावरण नूरानी और इबादत से सराबोर हो गया। संस्थान के अध्यक्ष सादिक हुसैन ने जानकारी दी कि इस मौके पर शहर के तमाम इमाम हज़रात एवं मदरसों के बच्चों ने नात-ए-पाक पेश कर हज़रत के दरबार में अपनी अकीदत का नजराना पेश किया।

कमेटी के सचिव मतलूब अजमेरी के अनुसार, इसके पश्चात मदरसों के बच्चों के बीच दीनी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कुल 8 मदरसों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में बच्चों ने: तिलावत-ए-कुरआन नात-ए-रसूल, दीनी मालूमात पर सवाल-जवाब के माध्यम से इस्लाम की बुनियादी शिक्षाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। सवाल-जवाब के दौरान बच्चों ने कलिमा, नमाज़, रोज़ा, ज़कात, हज्ज एवं अख़्लाकियात जैसे अहम अरकान-ए-इस्लाम पर रोशनी डालते हुए अपने ज्ञान, समझ और प्रस्तुति कौशल का उत्कृष्ट परिचय दिया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा।

### उलमा-ए-किराम की मौजूदगी से बढ़ी रौनक

कार्यक्रम में शहर के प्रख्यात उलमा-ए-किराम एवं मुदर्रिस हज़रात की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से मौलाना यूसुफ निज़ामी, हाफिज़ फारुख निज़ामी, मौलाना सरफराज़ मिस्बाही, मौलाना सादिक साहब, गुलाम यासीन साहब, कारी अयाज़ साहब, क़मर आलम साहब, ताज मोहम्मद साहब, हाफिज़ सईद साहब, हाफिज़ ज़ीशान साहब, हाफिज़ समीर साहब, कारी उस्मान साहब एवं जुनैद अत्तारी साहब शामिल रहे। उलमा-ए-किराम ने बच्चों को दुआओं से नवाज़ते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के समापन पर बच्चों की हौसला अफज़ाई हेतु समाजसेवियों द्वारा सम्मान किया गया। मुबारक राणा एवं इरशाद मंसूरी की ओर से बच्चों को 38 वाटर केन भेंट किए गए, वहीं तालिब अहमद की जानिब से नकद नज़राना (लिफाफा) प्रदान किया गया।

### इन मदरसों के बच्चों ने लिया हिस्सा

मदरसा अता-ए-रसूल, मदीना मस्जिद,मदरसा आला हज़रत, कमधज नगर,मदरसा गुलामाने रसूल, इशक्काबाद मस्जिद मदरसा फैज़ाने मुस्तफा, इशक्काबाद,मदरसा फैज़ाने गरीब नवाज़,पुरानी ईदगाह मस्जिद जामिया तुल मदीना, नूर कॉलोनी मदरसा फैज़ान-ए-काज़ी पिया, काज़ी मस्जिदकच्ची बस्ती मदरसा आदि ने हिस्सा लिया।

### भाईचारे और सूफी परंपरा का प्रतीक

यह उर्स केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि कौमी एकता, भाईचारे और सूफी परंपरा का जीवंत प्रतीक है। पूरे कार्यक्रम में अदब, तहज़ीब और मोहब्बत का पैगाम साफ तौर पर झलकता नजर आया। ‘उर्स की ये रूहानी फिज़ा, बच्चों की मासूम आवाज़ और दीनी इल्म की चमक–निंबाहेड़ा की सरज़मीं पर एक यादगार शाम बन गई। ‘

इस अवसर पर संस्था के सदर सादिक हुसैन, नायब सदर जाकिर हुसैन, सचिव मतलूब अजमेरी, कोषाध्यक्ष अयाज खान सहित रफीक मेवाफरोश, साकिब छीपा, अब्दुल हमीद उर्फ भूरू मेव, नाहिद मौलाना, फिरोज गोरी, मोहसिन खान, नदीम खान, तालिब अहमद, तनवीर अली, साहिल, अब्दुल हक, फरमान खान, जमील खान उर्फ भाया बैट्री, हाजी अख्तर पटेल, भूरू भाई जागीरदार, इमरान खान, हाजी कल्लू बा, अनीस अहमद शेख, तनवीर मेव, भूरू शेख, अनवर पेंटर, आजाद गोरी, महबूब, हाजी गुलाम मुस्तफा मुल्तानी, असलम नियारगर सहित बड़ी संख्या में अकीदतमंद एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सांगोद में आए दिन जाम से आम नागरिक परेशान

स्मार्ट हलचल



**सांगोद।** सांगोद में तीन-तीन वैकल्पिक बाईपास होने के बावजूद नगर के मध्य में जाम की स्थिति बन जाती है जिसके कारण बाहर से आने वाला ग्रामीण रहांगीरो यहां तक की दुकानदारों तक को समस्या का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा जाम की स्थिति गांधी चौराहे से गायत्री चौराहे, साथ ही गांधी चौराहे से सराफा बाजार कोटा रोड की ओर बनती है। पिछले दिनों शादी सीजन व सावे थे। लेकिन अभी किसान मंडियों में ट्रैक्टरों, मेटाडोर द्वारा माल ले जा रहे हैं कई बार ट्रक ट्रैक्टर वाले नगर के मध्य में से ही वाहन को गुजार लेते हैं जबकि उनके लिए बाईपास की व्यवस्था की गई है। अगर एक बड़ा वहां नगर के मध्य में फंस जाता है तो उसके पीछे गाड़ियों की रेलमपेल लग जाती है। नगर वासियों ने जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। भीषण गर्मी में इस प्रकार का जाम लगने से लोगों को और अधिक परेशानी होती है।

सांगोद डिवाइस एसपी अनिल कुमार जैन ने कहा कि जहां पर समस्या पैदा हो रही है जाम की स्थिति में तो इनको बोलकर पुलिस स्टाफ और इसका समाधान निकलते हैं। आज तीन सम्मेलन सांगोद में है इसलिए आवाज आवे बढ़ रही है इसलिए जाम की स्थिति बन रहे होंगे शायद फिर भी मैं दिखाता हूं।

नरेंद्र कुमार जैन, डीएसपी सांगोद

## संगठन बढ़ाओ लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस की बैठक संपन्न



स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** सांगोद जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष असरार अहमद की अध्यक्षता में निजी आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष असरार अहमद कांग्रेस नगर अध्यक्ष मनोज सुवालका ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस के पक्ष में जन समर्थन को मजबूत करने के लिए कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संगठित कर मजबूत करना है पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत पूर्व सरपंच फूलचंद गोचर पूर्व पार्षद सलीम अंसारी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा राजस्थान प्रदेश में चलाए जा रहे संगठन बढ़ाओ लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए कहा है कि भाजपा सरकार द्वारा पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनावों को टालना लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्षरत रही है और यह अभियान आमजन को जागरूक कर लोकतंत्र को मजबूत करने का माध्यम बनेगा जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष असरार अहमद चौरासी किराड समाज अध्यक्ष सत्यनारायण मेहता मुसब्बिर खान अंकुश शर्मा ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने का आह्वान किया साथ ही संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अभियान को जन तक पहुंचाने का आह्वान किया शौकत अंसारी सिद्धार्थ मीणा दिनेश सोनी ने कहा है की भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का कार्य कर रही है चुनाव को टालना लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ सीधा प्रहार है जिसे कांग्रेस कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी गजेन्द्र सिंह,फ़िरोज पठान युसुफ अली ने कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि लोकतंत्र को बचाने का जन आंदोलन है बैठक मे महमूद बेग इकबाल सिंगीविला ज़ाकिर टिल्लू मोइनुउद्दीन भूरिया रहमान अंसारी रफीक ठेकेदार एफ़ाज़ हुसैन मोहम्मद शरीफ असलम अंसारी कदीर पठान जाकिर अंसारी शब्बीर हुसैन उरफान अंसारी हुसैन शाह रफीक नियारगिर शौकत शाह शहजाद खान ताहिर अंसारी शाहरूख मंसूरी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुथार ने ग्राम पंचायत कार्यालय का किया अवलोकन



स्मार्ट हलचल| भादसोड़ा

राजस्थान सरकार के श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने बुधवार को बागुण्ड भादसोड़ा स्थित श्री सांवलिया जी प्राकट्य स्थल मंदिर पहुंचकर भगवान श्री सांवलिया सेठ के दर्शन किए। मंदिर परंपरानुसार औसरा पुजारी ने चरणामृत, तुलसी पत्र, महाप्रसाद एवं कोषाध्यक्ष अशोककुमार अग्रवाल ने उपरणा-तस्वीर भेंट कर स्वागत किया।

इधर, भादसोड़ा चौराहे पर सुथार समाजजनों ने माला-साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रशासक डॉ. शम्भू सुथार, रामचन्द्र, मोहनलाल, रामचन्द्र, कचरूमल बस्सी, राधे सुथार, सत्यनारायण, दुर्गाशंकर, विमल, लोकेश आदि सुथार समाजजन उपस्थित थे।

श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने भादसोड़ा ग्राम पंचायत में विशेष ग्रामसभा का अवलोकन कर आवासीय पट्टा वितरण किया । इस दौरान प्रशासक डॉ. शम्भू सुथार, ग्राम विकास अधिकारी उदयलाल जाट, राधे सुथार मौजूद थे।

## डाइट की डीडीएमसी की त्रैमासिक समीक्षा बैठक में हुई विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

डाइट विकास एवं प्रबंधन समिति ‘डीडीएमसी ‘की वर्तमान सत्र की प्रथम त्रैमासिक समीक्षा बैठक आज डाइट उदयपुर के टैगोर हॉल में आयोजित की गई । समिति की अध्यक्ष व डाइट प्रिंसीपल शीला काहाल्या ने बताया कि संस्थान के योजना एवं प्रबंधन प्रभाग की अनुमोदित गतिविधि के तहत आज आयोजित डीडीएमसी की इस त्रैमासिक समीक्षा बैठक में डाइट के विकास संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।




बैठक में प्रभागाध्यक्ष डॉ मृदुला तिवारी ने गत तिमाही में किए गए कार्यों का विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत किया। इस दौरान समिति अध्यक्ष द्वारा समीक्षा करते हुए असंपादित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही समिति द्वारा वार्षिक अनुदान से पूर्ण किए गए कार्यों का अनुमोदन भी किया गया। साथ ही संस्थान के लिए आवश्यक अन्य संसाधनों को क्रय करने संबंधी प्रक्रिया बजट की उपलब्धता अनुसार इसी त्रैमास में पूर्ण करने पर चर्चा की गई।

इस मौके पर समिति के सदस्य डॉ खेल शंकर व्यास तथा डॉ चन्द्रशेखर चौबीसा ने डाइट उदयपुर के विकास के लिए आवश्यक लंबित कार्यों को समयबद्ध योजना निर्माण के साथ पूर्ण करने के सुझाव दिए। इस अवसर पर टैगोर हॉल की साज सज्जा के साथ ही मरम्मत के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराए जाने पर ज़ोर दिया। बैठक में डाइट परिसर में स्थित बावड़ी की सफाई वर्षा ऋतु से पूर्व कराने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर छात्राध्यापक प्रतिनिधि कमलेश गायरी एवं निकिता सेन ने भी छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया।

इस अवसर पर डाइट उदयपुर द्वारा बहु भाषायी शिक्षण प्रशिक्षण हेतु तैयार किए मॉड्यूल ‘सेतु’ का भी विमोचन किया गया। बैठक में उप प्रधानाचार्य डॉ बृजबाला शर्मा, प्रभागाध्यक्ष बीना कंवर राजपूत, तेजपाल जैन, अमृता जोशी, मंजू टाक, गिरीश कुमार चौबीसा, रियाज़ अहमद, दीपक सेन, प्रभारी अधिकारी त्रिभुवन चौबीसा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## उनियारा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लिनिक) के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को 4 माह से वेतन नहीं

### कलेक्टर व सीएमएचओ से लगाई जल्द भुगतान की गुहार-आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** जिले के उनियारा शहर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (जनता क्लिनिक) में कार्यरत आउटसोर्सिंग (प्राइवेट एजेंसी) संविदा कर्मचारियों को पिछले चार माह से वेतन नहीं मिलने का मामला सामने आया है। वेतन नहीं मिलने से परेशान कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की है।

ज्ञापन में चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव चोपड़ा सहित कार्मिक झनकार सिंह गुर्जर, सोनू सैनी, पदमा, प्रधान लाल, मनीषा गुर्जर और महेश सेन ने बताया कि वे 9 मई 2025 से लगातार सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन पिछले करीब चार माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया। इससे कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है और परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है।

कर्मचारियों ने बताया कि इस संबंध में वे पूर्व में भी 1 नवंबर 2025 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), टोंक तथा 2 दिसंबर 2025 को जिला कलेक्टर को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि कर्मचारियों का ईएसआई और ईपीएफ भी 9 मई 2025 से जमा नहीं कराया जा रहा है, जबकि पहले यह नियमित रूप से जमा होता था। इसके लिए कर्मचारियों ने संबंधित ठेकेदार व विभागीय लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। गौरतलब है कि जिला कलेक्टर टोंक द्वारा सीएमएचओ डॉ. शैलेन्द्र सिंह चौधरी को भुगतान संबंधी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। वहीं सीएमएचओ कार्यालय द्वारा प्लेसमेंट एजेंसी (नित्या एजेंसी, झालावाड़) को प्रतिमाह भुगतान किए जाने की बात भी सामने आई है। अगर एजेंसी को भुगतान करने का आरोप सही साबित होता है तो इसमें सीएमएचओ टोंक की कार्यशैली व सांठगांठ को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े होते नजर आ रहे हैं। कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर शीघ्र बकाया वेतन दिलाने और ईएसआई-ईपीएफ जमा कराने की मांग की है। साथ ही जनता क्लिनिक कार्मिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की आयोजित



स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** 29 अप्रेल को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की सांगोद प्रखंड स्तरीय बैठक नाहरिया, लक्ष्मीपुर, में आयोजित की गई। बैठक मे विभाग संगठन मंत्री लक्ष्मीचंद जांगिड़ का सांगोद क्षेत्र में प्रवास रहा, जो आगामी प्रशिक्षण वर्गों को लेकर रहा।

बैठक के दौरान विभाग संगठन मंत्री लक्ष्मीचंद जांगिड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि बजरंग दल प्रशिक्षण वर्ग 16 मई से 23 मई तक आयोजित किया जाएगा। दुर्गा वाहिनी प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग 17 मई से 24 मई तक केकड़ी (अजमेर) वहीं विश्व हिंदू परिषद का प्रशिक्षण वर्ग 28 मई से 7 जून तक आयोजित होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन वर्गों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

इस निमित्त सांगोद प्रखंड के कार्यकर्ताओं से संपर्क कर वर्ग में जाने वाले कार्यकर्ताओं की सूची तैयार करने पर जोर दिया गया। बैठक में इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मथुरा लाल जी मेहता विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री कुंज बिहारी राठौर ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

बैठक में जिला सामाजिक समरसता प्रमुख रामविलास मेहता, जिला मिलन केंद्र प्रमुख नंदबिहारी नागर, प्रखंड सह संयोजक विनोद नागर, संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध बजरी खनन : 4 डंपर जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल |बालोतरा/कल्याणपुर

जिले में अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस ने सख्त रवैया अपनाते हुए एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) रमेश आईपीएस के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, डीएसटी बालोतरा और कल्याणपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध बजरी से भरे 4 डंपरों को जब्त कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक रमेश आईपीएस ने बताया कि अवैध खनन के कारोबारियों पर विधिक शिकंजा कसने और अवैध खनन पर पूर्ण रोकथाम के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूलसिंह और पचपदरा वृताधिकारी विकास कुमार के सुपरविजन में, कल्याणपुर थानाधिकारी भंवरसिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

## शंभूपुरा जैन मंदिर पर ध्वजारोहण महोत्सव आज, चढ़ेगी ध्वजा

स्मार्ट हलचल| ओम जैन

**शंभूपुरा।** शंभूपुरा जैन श्वेतांबर मन्दिर पर वार्षिक ध्वजा आज गुरुवार को चढ़ाई जाएगी। अध्यक्ष हस्तीमल सिसोदिया ने बताया कि आचार्य भगवंत निपुण रत्न सूरीश्वर जी महाराज साहब की प्रेरणा से आज 30 अप्रैल गुरुवार सुबह 7:30 बजे से विधिकारक नरेंद्र कुमार सिसोदिया द्वारा विधिपूर्वक पूजा करवाई जाएगी, तत्पश्चात 10:30 बजे हर्षोल्लास के साथ मन्दिर जी पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी, जिसमे सभी समाजजन मौजूद रहेंगे।

## निम्बाहेड़ा में एचपीवी टीकाकरण अभियान को मिली रफ्तार

स्मार्ट हलचल| निम्बाहेड़ा

सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर एवं जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान को निम्बाहेड़ा में नई गति मिल रही है। जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा के कक्ष संख्या 8 में यह अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है, जहां 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. राघव सिंह एवं बीसीएमओ अनुराधा मैडम ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि एचपीवी वायरस महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है, और समय रहते लगाया गया यह टीका इस घातक बीमारी से काफी हद तक सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन सामान्यतः निजी चिकित्सा संस्थानों में 4 से 6 हजार रुपये तक की लागत में उपलब्ध होती है, जिससे कई परिवार इसे लगवाने में हिचकिचाते हैं। लेकिन सरकार द्वारा आमजन के हित में इसे निम्बाहेड़ा जिला चिकित्सालय में उपलब्ध कराया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा बालिकाओं तक पहुंच बनाकर उन्हें भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से सुरक्षित करना है। इसके लिए अस्पताल स्तर पर ही नहीं, बल्कि स्कूलों और समुदाय में भी जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं, ताकि अभिभावक इस टीके के महत्व को समझें और अपनी बेटियों को समय पर टीकाकरण के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने यह भी अपील की कि अभिभावक सरकारी अस्पताल में उपलब्ध इस सुरक्षित व प्रभावी टीके का लाभ उठाएं। समय पर लगाया गया एचपीवी टीका आने वाले वर्षों में हजारों जिंदगियों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

इस दौरान नर्सिंग अधीक्षक जितेन्द्र सिंहवी, बीपीएम प्रकाश नागौरी, नर्सिंग ऑफिसर मनीष तोलंबिया, एएनएम नीलम मेघवाल, आशा रानी एवं अमिशा मीणा सहित पूरी चिकित्सा टीम मौजूद है। टीम द्वारा टीकाकरण के साथ-साथ अभिभावकों और बालिकाओं को विस्तार से जानकारी देकर जागरूक भी किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के इस सराहनीय प्रयास से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बन रहा है और लोग तेजी से इस अभियान से जुड़ रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में अधिक से अधिक बालिकाएं इस टीके का लाभ लेकर स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की ओर कदम बढ़ाएंगी।


# अल नीनो की आशंका के बीच ‘गर्मी की जुताई’ बनी किसानों की ढाल

### कमजोर मानसून के खतरे के बीच गहरी जुताई से नमी संरक्षण, उत्पादन और आय बढ़ाने पर जोर

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

राजस्थान में संभावित अल नीनो प्रभाव के चलते इस वर्ष मानसून के कमजोर, विलंबित और असमान रहने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में राज्य की वर्षा आधारित कृषि के सामने चुनौती खड़ी हो गई है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि इन परिस्थितियों में ‘गर्मी की जुताई’ विशेष रूप से गहरी जुताई किसानों के लिए एक प्रभावी समाधान बनकर उभर रही है।

कृषि विशेषज्ञ प्रो. इन्द्रजीत माथुर के अनुसार अप्रैल से जून के बीच की गई गहरी जुताई खेत को मानसून से पहले इस तरह तैयार करती है कि सीमित वर्षा की स्थिति में भी मिट्टी अधिकतम नमी संचित कर सके। उनका कहना है कि अल नीनो के वर्षों में पहली बारिश को बहने से रोककर जमीन में सहेजना ही फसल की सफलता की कुंजी होता है। विशेषज्ञों के अनुसार चिज़ल प्लाउ जैसे आधुनिक उपकरणों से 9 से 18 इंच तक गहरी जुताई कर मिट्टी की कठोर परत (हार्डपैन) को तोड़ा जा सकता है। इससे वर्षा जल का



अवशोषण 25 से 40 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। कृषि वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मात्र 1 सेंटीमीटर अतिरिक्त नमी प्रति हेक्टेयर लगभग 1 लाख लीटर पानी के बराबर होती है, जो सूखे के समय फसल को बड़ा सहारा देती है। गहरी जुताई का प्रभाव फसल उत्पादन पर भी स्पष्ट रूप से देखा गया है। जोधपुर स्थित केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान के अध्ययनों के मुताबिक, वर्षा आधारित क्षेत्रों में खरीफ फसलों की पैदावार में 12 से 22 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है। इसका सकारात्मक असर 2 से 3 वर्षों तक बना रहता है।

इसके अलावा यह तकनीक कीट एवं खरपतवार नियंत्रण में भी कारगर है। सफेद गिडार, दीमक और अन्य कीटों के लार्वा सतह पर आकर नष्ट हो जाते हैं, वहीं खरपतवार के बीज भी समाप्त होते हैं। सतह पर बचे फसल अवशेष मल्च का काम करते हैं, जिससे मिट्टी की नमी और जैविक गुणवत्ता बनी रहती है। आर्थिक दृष्टि से भी यह किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। विशेषज्ञों के अनुसार गहरी जुताई से प्रति हेक्टेयर 8,000 से 15,000 रुपये तक अतिरिक्त आय और 2,000 से 4,000 रुपये तक की लागत बचत संभव है।

हालांकि, छोटे और सीमांत किसानों के लिए आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और लागत अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। ऐसे में विशेषज्ञों ने सरकार और निजी क्षेत्र के सहयोग से कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने, सब्सिडी और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई है। कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि समय रहते इस तकनीक को बड़े स्तर पर अपनाया जाए, तो यह न केवल संभावित सूखे के प्रभाव को कम करेगी, बल्कि राजस्थान की कृषि को अधिक स्थिर और सशक्त बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

# भीषण गर्मी में बढ़ीं बीमारियां-अस्पताल में मरीजों की भीड़ से बिगड़े हालात

## एक डॉक्टर के भरोसे चल रहा अलीगढ़ सीएचसी-घंटों इंतजार को मजबूर मरीज

स्मार्ट हलचल



**टोंक/अलीगढ़।** उनियारा उपखण्ड के अलीगढ़ कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण गर्मी के चलते मौसमी बीमारियों ने तेजी से पैर पसार लिए हैं। जुकाम, बुखार, खांसी और पेट दर्द सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) अलीगढ़ में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

सीएचसी अलीगढ़ अस्पताल में हालात यह हैं कि प्रतिदिन 300 से 400 मरीज ईलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जबकि व्यवस्थाएं बेहद सीमित हैं। वर्तमान में अस्पताल में केवल एक ही स्थाई चिकित्सक डॉ. मधुसूदन शर्मा मरीजों का ओपीडी, इमरजेंसी और एमएलसी जैसे सभी कार्य संभाल रहे हैं। ऐसे में मरीजों को घंटों लाइन में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।

**पांच पद स्वीकृत-फिर भी एक डॉक्टर के भरोसे अस्पताल**

सीएचसी अलीगढ़ अस्पताल में चिकित्सकों के पांच पद स्वीकृत हैं, लेकिन केवल तीन डॉक्टर ही नियुक्त हैं। इनमें से एक को विभागीय जांच के चलते प्रतिनियुक्ति पर अन्यत्र भेज दिया गया है, जबकि दूसरे डॉक्टर गिरीश कटारिया जो अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी होने के चलते विभागीय कार्यों, मीटिंगों और अवकाश के चलते अनुपस्थित रहते हैं। इससे पूरा भार एक ही चिकित्सक पर आ गया है।

### सुविधाओं का अभाव-मरीज परेशान

अस्पताल में एक्स-रे और अन्य महत्वपूर्ण जांच सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। मरीजों को जांच के लिए टोंक या सवाई माधोपुर जाना पड़ रहा है या फिर निजी लैब का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे मरीजों को आर्थिक, मानसिक और समय की भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### हाईवे पर स्थित अस्पताल-रोज आते हैं हादसे के मरीज

नेशनल हाईवे 116 (552) के पास अलीगढ़ कस्बा स्थित इस अस्पताल में आए दिन सड़क हादसों के घायल भी पहुंचते हैं। साथ ही 100 से अधिक गांवों की आबादी इसी अस्पताल पर निर्भर है, जिससे दबाव और अधिक बढ़ जाता है।

### जनप्रतिनिधियों से कई बार मांग-फिर भी नहीं मिली राहत

स्थानीय लोगों ने कई बार चिकित्सा विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को समस्याओं से अवगत कराया, लेकिन अब तक न तो डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई गई और न ही एम्बुलेंस जैसी अन्य मूलभूत सुविधा अस्पताल में उपलब्ध कराई गई।

### महिला चिकित्सक नहीं-प्रसूताओं को करना पड़ता है रैफर

महिला चिकित्सक के अभाव में अस्पताल में प्रसव सुविधा भी ठप है। गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के लिए उनियारा या निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जो गंभीर स्थिति में जोखिम भरा साबित हो सकता है।

### 108 एम्बुलेंस नहीं-गंभीर मरीजों की बढ़ी मुश्किलें

सीएचसी अलीगढ़ जो कि तहसील व पंचायत समिति मुख्यालय है, उसके बावजूद भी अस्पताल में 108 एम्बुलेंस सेवा का अभाव है। दुर्घटना या गंभीर मरीजों को रैफर करने के दौरान समय पर एम्बुलेंस नहीं मिल पाती। कई बार कॉल करने के बाद भी एम्बुलेंस देरी से पहुंचती है, जिससे परिजनों को मजबूरन निजी वाहन का सहारा लेना पड़ता है।

---

**ग्राम रथ अभियान, समर्थन मूल्य पर खरीद और पेयजल आपूर्ति की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न**

# ग्रामीणों को स्थानीय भाषा में समझाएं योजनाओं के फायदे - जिला कलक्टर

स्मार्ट हलचल| बूंदी



जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में ग्राम रथों के संचालन, समर्थन मूल्य पर किसानों की उपज खरीद और पेयजल आपूर्ति को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने ग्राम रथ अभियान से जुड़े 13 विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ राज्य सरकार की मंशानुरूप कार्य करने और ग्राम रथ अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिन गांवों में ग्राम रथों के कार्यक्रम हो रहे हैं, वहां ग्रामीणों के लिए छाया, पानी और बैठक की समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि रथों के साथ जा रहे कला जत्थों के कलाकार नुक्कड़ नाटकों के जरिए स्थानीय भाषा में प्रभावी प्रस्तुतियां दें, ताकि ग्रामीणों को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की आसानी से जानकारी मिल सके। शाम के समय होने वाली 'संध्या चौपाल' में विशेष प्रयास कर अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जावे।

भीषण गर्मी को देखते हुए जिला कलक्टर ने खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत का कार्य 'मिशन मोड' पर किया जाए। जिन इलाकों में पानी की किल्लत है, वहां मांग के अनुसार टैंकरों से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। गर्मी के मद्देनजर अस्पतालों में साफ-सफाई रखने और लू व तापघात के उपचार के लिए पर्याप्त दवाइयां व ओआरएस उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। साथ ही सभी उपखंड अधिकारियों को हर हफ्ते चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण करने को कहा गया है।

बैठक में समर्थन मूल्य पर जिंसों की खरीद व्यवस्था की भी विस्तार से समीक्षा की गई। कलक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थापित खरीद केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर बारदाने की कमी न रहे और जिंसों का उठाव समय पर हो।

उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों की उपज की खरीद केवल टोकन व्यवस्था से ही की जाए। किसानों को बेची गई उपज का भुगतान तय समय पर मिलना सुनिश्चित हो। खरीद केंद्रों पर छाया, पेयजल के साथ-साथ ओआरएस व अन्य आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध रहें। इसके अलावा कलक्टर ने अधिकारियों को आशान्वित ब्लॉक में शामिल बिंदुओं पर विशेष प्रयास कर जिले की प्रगति बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार शर्मा और जिला रसद अधिकारी देवराज रवि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

# अवैध गैस रिफिलिंग और कालाबाजारी के खिलाफ अभियान, रसद विभाग ने सुमित प्रजापति के यहाँ दी दबिश

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना के सख्त निर्देशों के बाद जिले में एलपीजी सिलेंडरों के दुरुपयोग और कालाबाजारी के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में 28 अप्रैल 2026 को जिला रसद विभाग की टीम ने शहर के कसाबान मोहल्ले में बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से रखे गए गैस सिलेंडर जब्त किए। जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक के नेतृत्व में गठित जांच दल, जिसमें प्रवर्तन अधिकारी सोहन सिंह चौहान और प्रवर्तन निरीक्षक विक्रान्त मथुरिया शामिल थे, ने कसाबान मोहल्ला पुलिस चौकी के पीछे स्थित सुमित प्रजापति के ठिकाने पर छापामार कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान मौके से कुल 05 सिलेंडर बरामद किए गए, जिनमें 03 घरेलू (14.2 कि.ग्रा.) और 02 वाणिज्यिक (19.00 कि.ग्रा.) सिलेंडर शामिल हैं। पूछताछ में दुकानदार के पास इन सिलेंडरों से संबंधित कोई बिल, वाउचर या उपभोक्ता डायरी नहीं मिली। सिलेंडर प्राप्ति का कोई प्रमाणित स्रोत नहीं होने के कारण इसे अवैध भंडारण और एलपीजी आदेश 2000 का सीधा उल्लंघन माना गया है।

### कठोर विधिक कार्यवाही

जब्त किए गए सभी सिलेंडर ब्यावर गैस सर्विस के कार्मिक श्री राकेश कुमार को सुपुर्द कर दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि उक्त प्रकरण आवश्यक वस्तु अधिनियम तहत जिला कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

---

# कनाडा की तर्ज पर देश में भी लागू हो ट्रैफिक नियम-दाधीच

स्मार्ट हलचल | हरसौर

बुधवार को कस्बे के सदर बाजार में कनाडा से आए प्रवासी परिवार का ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। कनाडा के टोरंटो में रहने वाला यह परिवार करीब 11 साल बाद यहां आया है। प्रवासी रक्षक दाधीच, हेमलता दाधीच एवं आर्या का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। ग्रामीणों द्वारा बिछाए पलख-फावड़ों से प्रवासी परिवार अभिभूत हुआ। इस मौके पर प्रवासी रक्षक दाधीच ने बताया कि विदेश में रहकर आज भी मिट्टी से गहरा जुड़ाव है। बचपन में बिताएं पल हमेशा यादों को जिंदा रखते हैं।

आज भी जब क्रिकेट मैचों से पहले राष्ट्रगान बजता है, प्रवासी घरों में भी सम्मान में खड़े होते हैं। उन्होंने कनाडा की तर्ज पर ट्रैफिक नियम भारत में लागू करने की आवश्यकता जताई। विचलित होकर गाड़ी चलाने और सीट बेल्ट लगाने संबंधी सख्त कानून और गति सुरक्षा कैमरों का अधिक व्यापक उपयोग उन नीतियों में से हैं जिन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के मामले में कनाडा को सही राह पर बनाए रखने में मदद की है। स्कूल बस के रुकने पर सभी दिशाओं से आने वाले वाहन 50 मीटर पहले ही रूक जाते हैं। उल्लंघन करने पर तीन हजार डॉलर जुर्माना लगता है।

प्रवासी हेमलता दाधीच ने बताया कि कनाडा की शिक्षा व्यवस्था में बच्चों पर कोई प्रेशर हावी नहीं रहता है। बिना बस्ते के बोझ के स्टूडेंट्स की योग्यता का निर्धारण क्रिएटिव एक्टिविटी से किया जाता हैं। अंकों की प्रतिस्पर्धा बच्चों पर हावी नहीं होनी चाहिए। इस मंडल अध्यक्ष अमित आसोपा, संतोष देवी, किरण व्यास, सरोज, गजल, मोनिका, मिताली, गर्वित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

---

# सिस्टम की सफाई के लिए कठोर कदम जरूरी:विधायक वर्मा

स्मार्ट हलचल

**टोंक/निवाई।** टोंक जिले की निवाई-पीपलू विधानसभा क्षेत्र से विधायक रामसहाय वर्मा ने भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि सिस्टम में व्याप्त गड़बड़ियों को दूर करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि लापरवाह और भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ जल्द ही बड़ी कार्रवाई की जाएगी। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि 'सिस्टम में बैठे दीमकों को खत्म करना जरूरी है, जो व्यवस्था को अंदर ही अंदर खोखला कर रहे हैं।' उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी से काम करने की नसीहत देते हुए कहा कि जनता के हितों के साथ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक वर्मा ने यह भी कहा कि भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं, लेकिन इसे पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर सख्त कदम उठाएंगे।

---

# भारत विकास परिषद और मारवाड़ी महिला सम्मेलन के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मेहंदी एवं पेंटिंग शिविर

स्मार्ट हलचल



**भवानी मंडी।** भारत विकास परिषद एवं मारवाड़ी महिला सम्मेलन, भवानी मंडी के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं एवं युवतियों के स्वालंबन उद्देश्य से मेहंदी पेंटिंग शिविर का आयोजन आगामी 1 मई से 31 मई तक स्थानीय चिंतामणि गणेश मंदिर में फलोदी ब्यूटी पार्लर की संचालिका श्री मति सरोज गुप्ता द्वारा किया जायेगा । इस शिविर के पोस्टर का विमोचन आज स्थानीय चिंतामणी गणेश मंदिर परिसर में विधिवत रूप से किया गया।

कार्यक्रम के दौरान दोनों संगठनों की अध्यक्ष श्री मति मीनाक्षी जाखेटिया एवम् श्री मति मालती अग्रवाल एवं एवं संरक्षक श्रीमती मंजू भड़ारिया मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने पोस्टर का विमोचन करते हुए कहा कि मेहंदी कला भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण पहचान है और इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से न केवल पारंपरिक कला को बढ़ावा मिलता है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्राप्त होता है।

उन्होंने सभी महिलाओं एवं युवतियों से आह्वान किया कि वे इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी कला को निखारें तथा इसे रोजगार के रूप में भी विकसित करें। शिविर में प्रतिभागियों को मेहंदी डिजाइन की विभिन्न आधुनिक एवं पारंपरिक शैलियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर दोनो संगठनों से उपस्थित पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर के दौरान अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को बारीकियों के साथ प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे पेशेवर स्तर की मेहंदी कला सीख सकें। शिविर का उद्देश्य प्रतिभागियों में आत्मविश्वास बढ़ाना एवं उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के दौरान सचिव रजनी क्षोत्रिय, सुधा फलेट गरिमा जैन, रीना ओदीचय, कोषाध्यक्ष राजेश बिरला, रीना खंडेलवाल, अंशिता वरदानी, अंजू जायसवाल, विनीता राठी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

---

# कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी से की रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों ने भेंट



स्मार्ट हलचल|बूंदी

रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर हरफूल सिंह यादव से रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन राजेंद्र रावका, सचिव अशोक विजय, कोषाध्यक्ष ध्रुव व्यास तथा कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम पारीक, त्रिलोक चंद जैन, ओम प्रकाश जैन ने शिष्टाचार भेंट की। जिला कलक्टर को रेड क्रॉस सोसाइटी की प्रमुख गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गयी। संचालित गतिविधियों की उनके द्वारा सराहना की गयी। विशेष तौर पर सायंकालीन भोजन की व्यवस्था, क्षुधा शांति प्रकल्प, लैब तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय की दीवार पर किये गए सौंदर्यकरण कार्य की सराहना की गयी। इसी तरह सोसाइटी द्वारा जनहित के कार्य करने के निर्देश प्रदान किये गये।

---

**स्टांप व नोटेरी व कोर्ट फीस टिकट का संकट**

# भीषण गर्मी में भटक रही जनता-न्यायालय कार्य ठप होने की कगार पर




स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** उपखंड उनियारा क्षेत्र में स्टांप, कोर्ट फीस टिकट एवं नोटेरी टिकट की गंभीर किल्लत सामने आई है। भीषण गर्मी के बीच दूर-दराज से आने वाली आम जनता को जरूरी दस्तावेज नहीं मिलने के कारण निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

स्टांप विक्रेताओं का कहना है कि उनके पास वर्तमान में स्टांप, कोर्ट फीस टिकट व नोटेरी टिकट पूरी तरह समाप्त हो चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 शुरू हुए लगभग एक माह बीत जाने के बावजूद उपकोष कार्यालय से इनकी आपूर्ति नहीं की जा रही है। कई बार संपर्क करने के बावजूद भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। इस समस्या का सीधा असर न्यायालयीन कार्यों पर पड़ रहा है। वादियों और अधिवक्ताओं को आवश्यक टिकट नहीं मिलने के कारण मामलों की प्रक्रिया बाधित हो रही है, जिससे न्यायिक व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। विक्रेताओं ने बताया कि इस स्थिति से जहां आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है, वहीं राज्य सरकार को भी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस संबंध में एडवोकेट दिनेश मोरवाल (नोटेरी पब्लिक, भारत सरकार) एवं अध्यक्ष, अभिभाषक संघ अलीगढ़ बार एसोसिएशन, न्यायालय उनियारा ने शीघ्र समाधान की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द आपूर्ति नहीं हुई तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जा सकता है।

### प्रशासन का पक्ष

उपकोष कार्यालय अलीगढ़ के अधिकारियों का कहना है कि स्टांप व अन्य टिकटों की आपूर्ति संबंधित उच्च स्तर से होती है। वर्तमान में आपूर्ति में कुछ तकनीकी व प्रक्रियात्मक कारणों से देरी हुई है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही आवश्यक स्टॉक उपलब्ध करवा दिया जाएगा, जिससे आमजन को राहत मिल सकेगी।

---

# अपहरण व बलात्कार के प्रकरण में वांछित आरोपी भारत उर्फ कालू गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल बरामद

स्मार्ट हलचल|बूंदी

जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा द्वारा महिला अत्याचार एवं पोक्सो एक्ट के प्रकरणों का त्वरित एवं विधिवत अनुसंधान करने एवं प्रकरणो मे फरार अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के आदेशो की पालना मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बून्दी उमा शर्मा के मार्गदर्शन मे वृत्ताधिकारी वृत नैनवां राजूलाल आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में कमलेश कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना देई के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अपहरण व बलात्कार के प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी भारत उर्फ कालु पुत्र राधेश्याम निवासी भामर पुलिस थाना देई जिला बून्दी को डिटेन कर बाद पूछताछ गिरफ्तार करने एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल को बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

थानाधिकारी कमलेश कुमार पु.नि. के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रकरण में पीडिता के कथन 180 बीएनएसएस व 183 बीएनएसएस एवं दीगर अनुसंधान कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु तलाश की गई। किन्तु अभियुक्त अपनी सकुनत से फरार था। इस पर मुखबीर मामुर किये गये। आरोपी के सम्बन्ध में तकनीकी अनुसंधान किया जाकर आरोपी की मिलने के सभी सम्भावित स्थानो पर तलाश की गई। दिनांक 28.04.2026 को अभियुक्त भारत उर्फ कालू पुत्र राधेश्याम उम्र 22 साल निवासी भामर पुलिस थाना देई जिला बून्दी को डिटेन कर प्रकरण मे बाद अनुसंधान जुर्म धारा 137(2),64(2)(रू) बीएनएस 2023 मे गिरफ्तार किया गया। एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एच एफ डीलक्स को बरामद किया गया। मुलजिम को न्यायालय में पेश किया जावेगा।

---

# जयपुर में राष्ट्रीय प्रवक्ता विनय सिंह मीणा का भव्य स्वागत

स्मार्ट हलचल|जयपुर



राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनय सिंह मीणा के जयपुर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट कैलाश मीणा भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में संगठन की मजबूती और समाज के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राकेश मीणा, कुंजीलाल मीणा, नानक राम मीणा तथा नटवर लाल मीणा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने समाज में जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को संगठन से जोड़ने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने आदिवासी समाज की एकता और अधिकारों के संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

---

# सचिन पायलट पर टिप्पणी को लेकर ब्यावर में आक्रोश: कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा प्रभारी का पुतला

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन अग्रवाल द्वारा राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता सचिन पायलट पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ ब्यावर में सियासी पारा चढ़ गया है। बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया और भाजपा प्रभारी का पुतला फूँककर अपना रोष प्रकट किया।

### नारेबाजी और पुतला दहन

ब्यावर विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी मनोज चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शहर के स्वामी कुमारानंद सर्किल पर एकत्रित हुए। हाथों में कांग्रेस के झंडे और तख्तियां लिए कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान 'सचिन पायलट के सम्मान में, हम आ गए मैदान में' और 'पायलट साहब पर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेंगे' जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

### 'राजनीतिक मर्यादा भूल रही है भाजपा'

सभा को संबोधित करते हुए मनोज चौहान ने कहा कि राधा मोहन अग्रवाल का बयान उनकी संकुचित मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा: 'लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद होना सामान्य है, लेकिन किसी लोकप्रिय और जमीनी नेता के खिलाफ व्यक्तिगत अभद्र टिप्पणी करना राजनीतिक मर्यादाओं का उल्लंघन है। सचिन पायलट प्रदेश के युवाओं की धड़कन हैं और उनका अपमान राजस्थान की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।' चौहान ने आगे मांग की कि भाजपा नेतृत्व को तुरंत इस पर संज्ञान लेना चाहिए और सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसी टिप्पणियों पर रोक नहीं लगी, तो कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में आंदोलन को और तेज करेंगे।

इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के विभिन्न संगठनों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मानक डाणी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष भारत बाघमार, एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बिरदी चंद खोरवाल, राम यादव, सुलक्षणा शर्मा, जयदीप सिंह रावत (हस्ढ्ढ) सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेताओं ने एक सुर में कहा कि सचिन पायलट ने केंद्रीय मंत्री और सांसद के रूप में प्रदेश के विकास में जो योगदान दिया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता और ऐसे कद के नेता पर टिप्पणी करना भाजपा की हताशा को दर्शाता है।

# विधायक राजेंद्र मीणा ने एक करोड़ 65 लाख रुपए की सड़कों का किया उद्घाटन

## विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी: विधायक राजेंद्र मीणा

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा विधायक राजेंद्र मीणा ने बुधवार को अलग-अलग ग्राम पंचायत क्षेत्रो में ग्रामीणों की मांग पर अपनी अभिशंशा पर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित एक करोड़ 65 लाख रुपए की सड़कों का उद्घाटन किया विधायक राजेंद्र मीणा ने महुवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुख्यालय पलानहेड़ा मैं 35 लाख रुपए तालचिड़ी मैं 50 लाख रुपए ढण्डमै 40 लाख रुपए नाहिडा मैं 40 लाख रुपए की सड़कों का गांवो के पंच पटेलो व भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में उद्घाटन किया।

इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए धन की किसी प्रकार से कमी नहीं रहने दी जाएगी विकास करना मेरा पहली प्राथमिकता है विधायक राजेंद्र मीणा ने बुधवार को सब प्रथम ग्राम पलानहेड़ा में स्ख्ष्ठ-63 से पलानहेड़ा आबादी क्षेत्र में 35 लाख रुपए की लागत से निर्मित सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का पंच-पटेल एवं सम्मानित ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत शिलान्यास किया।

इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि यह सड़के ग्रामो के आधारभूत ढांचे को सशक्त बनाने के साथ-साथ आमजन के जीवन को और अधिक सुगम बनाएगी।



इस अवसर पर ग्रामीणों का उत्साह और विश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जो हमें निरंतर विकास कार्यों के लिए प्रेरित करता है।

इसके बाद विधायक राजेंद्र मीणा ने ग्राम नाहिडा के विकास को सशक्त बनाते हुए आज नाहिडा आबादी क्षेत्र में 40 लाख की लागत से निर्मित सी.सी. सड़क का पंच-पटेल एवं ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत शिलान्यास किया।

इसके बाद विधायक राजेंद्र मीणा ने ग्राम ढण्ड के विकास की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ढण्ड आबादी क्षेत्र में 40 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सी.सी. सड़क का पंच-पटेल एवं ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत शिलान्यास किया।

इसके बाद विधायक राजेंद्र मीणा ने ग्राम तालचिड़ी के विकास को नई गति देते हुए आज तालचिड़ी आबादी क्षेत्र में 50 लाख की लागत से निर्मित सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का पंच-पटेल एवं ग्रामवासियों की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत लोकार्पण किया।

इस दौरान विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि यह सड़के क्षेत्रवासियों के लिए सुगम आवागमन, बेहतर आधारभूत सुविधाएं एवं ग्राम विकास को नई मजबूती प्रदान करेगी। क्षेत्र के समग्र विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार हेतु हमारा संकल्प निरंतर जारी है।

यह विकास कार्य क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करने के साथ गांव की प्रगति को नई दिशा देगा। क्षेत्र के समग्र विकास हेतु हम सदैव प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर गांवो के पंच पटेलो क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पार्टी पदाधिकारीगण, कार्यकर्त्ता बंधु ग्रामीण सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अवैध बजरी परिवहन पर शिकंजा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, चालक फरार

स्मार्ट हलचल

**टोंक/अलीगढ़।** जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उनियारा सर्किल अन्तर्गत अलीगढ़ थाना पुलिस ने सोमवार देर रात कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। कार्रवाई उनियारा सर्किल में पुलिस उपाधीक्षक आकांक्षा चौधरी के नेतृत्व में की गई।

पुलिस उपाधीक्षक उनियारा आकांक्षा चौधरी की रात्रि में औचक गश्त के दौरान चौथ का बरवाड़ा रोड स्थित बराना गांव के पास पुलिस को अवैध बजरी परिवहन की सूचना मिली। इस पर संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन को भगाने लगा। पीछा करने के दौरान बराना रोड पर ट्रॉली पलट गई और चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर अलीगढ़ थाना पुलिस के ड्यूटी ऑफिसर एएसआई भंवरलाल मीणा मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जेसीबी मशीन की मदद से बजरी को दोबारा ट्रॉली में भरवाकर बिना वैध अनुमति के बजरी परिवहन होना पाए जाने पर वाहन को जब्त कर लिया और थाने लाया गया। इस संबंध में थाना अलीगढ़ पर प्रकरण संख्या 82/2026 दर्ज करते हुए बीएनएस की धारा 303(2) तथा एमएमडीआर एक्ट की धारा 4/21 के तहत मामला कायम किया गया है।फरार चालक और वाहन मालिक की तलाश जारी है।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मीना महिला संघ ने मनाई स्वतंत्रता सेनानी लक्ष्मीनारायण झरवाल की पुण्यतिथि

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** बुधवार को आदिवासी मीणा महिला विकास संघ ने आदिवासी मीना समाज के मसीहा, सुविख्यात समाज सुधारक एवं स्वतंत्रता सेनानी लक्ष्मीनारायण झरवाल जी की 9वीं पुण्यतिथि सवाई मानसिंह अस्पताल के गेट पर मरीजों के परिजनों तथा सैकड़ों राहगीरों को ठंडाई पिलाकर मनाई ।

महिला संघ की प्रदेशाध्यक्ष मंजू जेफ़ ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से की और उसके बाद सभी ने पुष्पांजली अर्पित की । कार्यक्रम में शामिल स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र डॉ. महेन्द्र झरवाल ने लक्ष्मीनारायण झरवाल के 103 वर्षो के जीवन में स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान,



जरायमपेशा नामक काले कानून से मुक्ति, समाज सुधारों तथा मीना जाति को 5 वर्षो के संघर्ष के बाद वर्ष 1956 में अनुसूचित जनजाति में शामिल कराकर आरक्षण दिलाने जैसे ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला । जरायमपेशा कानून को हटवाने के आंदोलन के दौरान अंग्रेजों द्वारा लक्ष्मीनारायण झरवाल को दी गई अमानवीय यातनाओं को सुनकर महिला पदाधिकारी गमगीन हो गई।

### महिला संघ ने भीषण गर्मी में सैकड़ों राहगीरों को ठण्डाई वितरित की

महिला संघ की पदाधिकारियों की टीम ने भीषण गर्मी में सैकड़ों लोगों को ठण्डाई वितरित कर राहत पहुँचाने का प्रयास किया गया। वक्ताओं ने लक्ष्मीनारायण झरवाल के संघर्ष और उपलब्धियों के आधार पर उनको आदिवासी मीना समाज का लोकदेवता बताया, जयकारों का उदघोष किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सुधारों को आगे बढ़ाने की वचनबद्धता जताई । इस अवसर पर आदिवासी महिला संघ की प्रदेश अध्यक्ष मंजू जेफ के साथ प्रदेश महासचिव कविता मीना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमित्रा भगोट, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता मीना, प्रदेश सह सचिव निधि मीना, प्रदेश संगठन सचिव ममता मीना,अलवर जिलाध्यक्ष सीमा सेहरा,संगठन सदस्य गायत्री मीना, डिम्पल मीना ,वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता भंवरलाल बढ़गोती इत्यादि कई सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# 'ग्राम रथ' की गूँज: कला और मनोरंजन के संगम से जागी ग्रामीण जनचेतना

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुँच और जनभागीदारी बढ़ाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाया जा रहा 'ग्राम रथ अभियान' ब्यावर जिले में मील का पत्थर साबित हो रहा है। डिजिटल दौर में भी पारंपरिक 'कला जत्था' और संवाद के देसी अंदाज ने ग्रामीणों का दिल जीत लिया है।

### मनोरंजन के साथ मिल रही जानकारी

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बताया कि अभियान के दूसरे दिन हरराजपुरा में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों का भारी उत्साह देखने को मिला। यहाँ जवाहर कला केंद्र के कलाकारों–विकास शर्मा, मोहित शर्मा, सूरज मीणा और अंकित जांगिड़–ने शायरी, प्रेरक कहानियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जटिल योजनाओं को इतना सरल बना दिया कि ग्रामीण सहजता से आवेदन प्रक्रिया और लाभों को समझ सके।



### समस्याओं का मौके पर समाधान

ग्राम रथ केवल प्रचार का माध्यम नहीं, बल्कि संवाद का एक सशक्त मंच बन गया है। सोनी के अनुसार: 'हमारा उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि ग्रामीणों के सुझावों और शिकायतों को सीधे मुख्यालय तक पहुँचाना है। ग्रामीण अब सीधे अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर रहे हैं। '

### जिले की तीनों विधानसभाओं में अभियान जारी

यह रथ जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। इसमें न केवल योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, बल्कि लाभार्थियों से सीधा संवाद कर उनके अनुभवों को भी साझा किया जा रहा है। अपील: प्रशासन ने मीडिया और आमजन से अपील की है कि इस अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

# पीपलखेड़ा में खेत में मिला शव



स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पीपलखेड़ा गांव के पास खेत में एक अज्ञात शव मिलने से बुधवार को क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पर पहुंची बालाहेड़ी थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर महवा जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुट गई है।

बालाहेड़ी थाना पुलिस के सहायक उप निरीक्षक जगपाल सिंह ने बताया कि पीपलखेड़ा गांव में सड़क किनारे खेतों में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला था। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो ग्रामीणों ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा था और मंगलवार को उसे क्षेत्र में घूमते हुए देखा गया था।

फिलहाल पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों को सूचना भेज दी है और मामले की जांच जारी है।

# बेहलड़ी की ईरानी डूंगरी पर श्रीराम महायज्ञ: 17 मई से 21 कुण्डात्मक आयोजन, 25 मई को पूर्णाहूति

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** जिले के गैरोटा-गैरोटी बेहलडी स्थित श्री रामदेव जी व रामेश्वर महादेव मन्दिर (ईरानी डूंगरी) पर 17 मई 2026 से 21 कुण्डात्मक श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह विशाल धार्मिक आयोजन क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति के लिए समर्पित होगा। महायज्ञ का समापन 25 मई 2026 को पूर्णाहूति और विशाल भण्डारे के साथ होगा।

महायज्ञ का शुभारंभ ज्येष्ठ सुदी 1, रविवार (17 मई) को गणपति पूजन, कलश यात्रा और यज्ञ प्रारंभ के साथ होगा। 18 मई से 24 मई तक नित्य वेद पाठ, श्रीराम रक्षा स्तोत्र, मूर्ति जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास और



घृताधिवास जैसे विभिन्न अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। अंतिम दिन, 25 मई 2026 (गंगादशमी) को महायज्ञ की पूर्णाहूति होगी। इसी दिन अभिजीत मुहूर्त में ध्वजा रोहण, संत विदाई और विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

यह महायज्ञ महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 श्री अमर दास जी महाराज (मौनी बाबा) के कृपा पात्र शिष्य यज्ञाकर्ता श्री श्री 108 श्री संत प्रेमदास जी महाराज के तत्त्वावधान में संपन्न होगा। कार्यक्रम के दौरान विद्वान संतों के प्रवचन भी होंगे। यज्ञ समिति में लादूलाल चौधरी (यज्ञ संरक्षक), रामफूल गुर्जर (अध्यक्ष), रामदेव मीणा (उपाध्यक्ष), हेमराज मीणा (उपाध्यक्ष) और रामपाल मीणा (कोषाध्यक्ष) सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

यज्ञ समिति ने आयोजन को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। यज्ञ स्थल पर किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों (जैसे शराब) का सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित और दण्डनीय रहेगा। सभी निर्णय यज्ञ समिति एवं यज्ञाध्यक्ष के अधीन होंगे। समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से सपरिवार पधारकर संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने और पुण्य के भागी बनने की अपील की है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग विवरण भी साझा किया गया है। दूनी से घाड़ नगर रोड पर बेहलडी के पास माताजी का दर्रा होकर ईरानी डूंगरी पहुँचा जा सकता है। नगर से घाड़ रोड पर गैरोटा से आगे माताजी का दर्रा होते हुए, और भरनी से गैरोटी से माताजी का दर्रा होकर भी यज्ञ स्थल तक पहुँचा।

# वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी कैलाश चंद्र मीणा को बड़ी जिम्मेदारी

स्मार्ट हलचल | जयपुर/नई दिल्ली

राजस्थान कैडर के वरिष्ठ भारतीय वन सेवा अधिकारी कैलाश चंद्र मीणा को केंद्र सरकार ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। भारत सरकार की कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने उन्हें डिप्टी डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेस्ट, रीजनल ऑफिस भोपाल पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी है।

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अधीन कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा 11 अप्रैल 2026 को जारी आदेश के अनुसार कैलाश चंद्र मीणा, जो वर्ष 1997 बैच के राजस्थान कैडर के ढ्ढस्नस् अधिकारी हैं, को लेवल-15 पे मैट्रिक्स में यह नियुक्ति केंद्रीय प्रतिनियुक्ति आधार पर दी गई है। उनका कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से अगले 5 वर्षों तक अथवा सेवानिवृत्ति आयु पूर्ण होने तक रहेगा।

वहीं, राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग ने भी आदेश जारी कर कैलाश चंद्र मीणा की सेवाएं



भारत सरकार को प्रतिनियुक्ति पर उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। आदेश के अनुसार वे वर्तमान में अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण), जयपुर पद पर कार्यरत थे।

राज्य सरकार के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अधिकारी को उनके वर्तमान वेतनमान के अनुसार वेतन एवं भत्ते मिलते रहेंगे। साथ ही उनकी सेवाओं का उपयोग भारत में कहीं भी किया जा सकेगा।

वन विभाग और प्रशासनिक सेवा से जुड़े अधिकारियों ने कैलाश चंद्र मीणा की इस महत्वपूर्ण नियुक्ति को प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। उनकी नियुक्ति से राजस्थान के वन प्रशासन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत प्रतिनिधित्व मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# साकेत नगर थाना पुलिस ने पकड़े अवैध बजरी से भरे दो ट्रेलर, 159 टन बजरी जब्त

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध खनन विरोधी अभियान के तहत साकेत नगर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बाडिया श्यामा श्रीनाथ होटल के पास नाकाबंदी के दौरान अवैध बजरी से भरे दो ट्रेलर जब्त किए हैं।

### दस्तावेज नहीं दिखा सके चालक

थाना प्रभारी गणपतराम के नेतृत्व में गठित टीम ने दिनांक 29.04.2026 को कार्यवाही करते हुए ट्रेलर को रुकवाकर जांच की। वाहनों में भारी मात्रा में बजरी भरी हुई थी। जब चालकों से परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज (रवना/टीपी) मांगे गए, तो



वे कोई भी कागज पेश नहीं कर सके।

### बड़ी मात्रा में माल बरामद

पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग को सूचित किया और मौके पर ही 159 टन अवैध बजरी सहित दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। पुलिस ने इस संबंध में प्रकरण संख्या 147/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) और एमएमआरडी एक्ट की धारा 4/21 के तहत मामला दर्ज किया है।

### पुलिस टीम की मुस्तैदी

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी गणपतराम, एएसआई ओमप्रकाश, कॉन्स्टेबल जालाराम, अशोक सिंह और ओमप्रकाश की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ यह सख्ती आगे भी जारी रहेगी।

# मीणा समाज के सामूहिक विवाह की तैयारियां पूरी

## कल मंडप व कलश यात्रा, 1 मई को फेरे; प्रदेशभर से लोग जुटेंगे

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** जिले के सतवाड़ा बालागढ़ में नवम आदर्श मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की सभी तैयारियाँ पूरी हो गई हैं। मंडप व भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन कल होगा, जबकि फेरे 1 मई को घाड़ रोड स्थित प्रसिद्ध भैरूजी महाराज के स्थान पर संपन्न होंगे।

कलश शोभायात्रा सतवाड़ा में स्थित प्राचीन कैली वाले कुएं से सुबह 9 बजे डीजे और बैंड के साथ शुरू होगी। यह शोभायात्रा घाड़ रोड पर स्थित बुल्या भैरूजी महाराज स्थान पर पहुंचेगी। इस दौरान जगह-जगह ड्रोन से पुष्प वर्षा की जाएगी।

इस सामूहिक विवाह सम्मेलन




को लेकर मीणा समाज में व्यापक उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार, राजस्थान के विभिन्न हिस्सों से मीणा समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचेंगे। समिति ने अतिथियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की हैं। सम्मेलन में मीणा समाज के उच्चाधिकारी और कई वरिष्ठ राजनेता उपस्थित रहेंगे। देवली-उनियारा उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रहे और भगतसिंह सेना के सुप्रीमो नरेश मीणा की उपस्थिति को लेकर क्षेत्र में विशेष चर्चा है।

कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए समाज के युवाओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। युवाओं ने मेहमानों के स्वागत-सत्कार और प्रबंधन का कार्यभार संभाला है। आयोजन स्थल पर पांडाल, भोजन और अन्य सुविधाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# राजस्थान ब्राह्मण महासभा के डॉ राकेश अवस्थी नगर अध्यक्ष एवं विष्णु पाराशर तहसील अध्यक्ष मनोनीत

स्मार्ट हलचल



**महवा।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा की जिला अध्यक्ष वैध विष्णुकांत तिवाडी ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ राधेश्याम जैमिनी एवं संरक्षक पंडित एस डी शर्मा की अनुशंसा पर तहसील अध्यक्ष के पद पर विष्णु दत्त पाराशर एवं महवा नगर अध्यक्ष के पद पर डॉ राकेश अवस्थी को मनोनीत कर 7 दिवस में कार्यकारिणी गठन करने के निर्देश दिए।। राजस्थान ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी में नियुक्त होने पर नगर अध्यक्ष डॉक्टर राकेश अवस्थी एवं तहसील अध्यक्ष विष्णु पाराशर का माला एवं साफा पहनकर मुंह मीठा कर स्वागत किया गया।

# अब डिजिटल होंगे ब्यावर के 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर', कलेक्टर कार्यालय में हुआ विशेष प्रशिक्षण

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** आयुर्वेद विभाग द्वारा डिजिटल इंडिया और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को धरातल पर उतारने की कवायद तेज कर दी गई है। बुधवार को जिला कलेक्टर कार्यालय स्थित वी.सी. सभागार में जिला ब्यावर के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और नर्स/कंपाउंडर संवर्ग के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण एकीकृत अस्पताल प्रबंधन प्रणाली पोर्टल के प्रभावी संचालन पर केंद्रित रहा।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग अजमेर के उपनिदेशक डॉ. हनुमान मीना एवं जिला आयुष कार्यालय ब्यावर के सहायक निदेशक डॉ. सी.पी. सेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने डिजिटल मिशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी और सुलभ बनाने के लिए डिजिटल रिकॉर्ड संधारण समय की मांग है।

### ऑनलाइन पंजीकरण का मिला व्यावहारिक ज्ञान

मास्टर ट्रेनर डॉ. विनोद कुमार ने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को आईएचएमएस पोर्टल की बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया गया: आरोग्य मंदिर आने वाले रोगियों का पोर्टल पर त्वरित ऑनलाइन पंजीकरण कैसे करें। रोगी के डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित रखना।

### सुविधाजनक होगी उपचार प्रक्रिया

इस पोर्टल के शुरू होने से अब आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आने वाले मरीजों को लंबी कतारों से मुक्ति मिलेगी और उनका उपचार रिकॉर्ड डिजिटल रूप में कहीं भी उपलब्ध हो सकेगा। प्रशिक्षण के दौरान जिले भर के सी.एच.ओ. और नर्सिंग स्टाफ ने तकनीकी पहलुओं को समझा और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

# भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन 1 मई को

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

मासिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर 1 मई, शुक्रवार को नगरपालिका कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में भव्य एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन सायं 8:00 बजे श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ प्रारंभ होगा। मंदिर के महंत रामजी शरण महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर में पिछले दो वर्षों से अधिक समय से प्रत्येक मासिक पूर्णिमा पर नियमित रूप से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस सतत आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण का सकारात्मक संचार हो रहा है।

कार्यक्रम के दौरान संगीतमय भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालु भगवान हनुमान की भक्ति में भाव-विभोर होंगे। भक्ति रस से सराबोर इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।कार्यक्रम के समापन पर विधिवत महाआरती की जाएगी तथा सभी उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।



# बीटेक के बाद केवल प्राइवेट ही नहीं सरकारी नौकरी के भी मौके

**बीटेक यानी बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी देश का सबसे लोकप्रिय अंडर ग्रेजुएट कोर्स है जिसे हर साल स्टूडेंट द्वारा अपने करियर का हिस्सा बनाया जाता है। चार साल के इस कोर्स को इंजीनियरिंग के क्षेत्र का प्रवेश द्वार माना जाता है। इस कोर्स के बाद भविष्य में छात्रों को कई अवसर मिलते हैं ये अवसर नौकरी के क्षेत्र में तो मिलते ही हैं साथ ही हायर एजुकेशन के लिए भी यह एक बेहतर ऑप्शन है। आइए विस्तार से चर्चा कर लेते हैं कि बीटेक करने के बाद आप किस तरह अपना करियर बना सकते हैं।**

## हायर एजुकेशन

बीटेक करने के बाद छात्र आगे की पढ़ाई कर सकते हैं जहां वे एम.टेक या एमई के लिए जाना है, जो दोनों भारत में इंजीनियरिंग कॉलेजों द्वारा पेश किए जाने वाले पोस्टग्रेजुएट स्तर के प्रोफेशनल डिग्री प्रोग्राम हैं। एम.टेक का मतलब मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी है, जबकि एमई का मतलब मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग है। भारत में टॉप इंजीनियरिंग कॉलेजों जैसे आईआईटी और एनआईटी द्वारा पेश किए गए एमटेक प्रोग्रामों में चयनित होने के लिए छात्रों को इंजीनियरिंग में गेट ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट के लिए उपस्थित होना पड़ता है।

## एमबीए

बीटेक के बाद छात्रों के लिए सबसे पसंदीदा ऑप्शन एमबीए है। इंजीनियरिंग ग्रेजुएट आमतौर पर कार्य अनुभव हासिल करने के लिए कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से नौकरी करने का विकल्प चुनते हैं और वे कुछ वर्षों के बाद MBA/PGDM प्रोग्राम को अपना लेते हैं। टॉप MBA कॉलेजों में शामिल होने के लिए छात्रों को CAT और CMAT जैसे लोकप्रिय एमबीए एंट्रेंस एग्जाम में शामिल होना होता है।

## कैंपस प्लेसमेंट

आमतौर पर कॉलेजों में प्लेसमेंट के जरिए छात्रों का चयन होता है। देश की अलग-अलग कंपनियां कॉलेजों में आकर छात्रों को नौकरी के लिए चुनते हैं। बीटेक के बाद, छात्रों को प्राइवेट कंपनियों द्वारा तकनीकी क्षेत्रों में एंट्री लेवल की नौकरी की भूमिकाओं के लिए काम पर रखा जाता है। आम तौर पर हायर एजुकेशन की इच्छा रखने वाले छात्र अपने फील्ड में अनुभव लेने के लिए कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से नौकरी लेते हैं।

## प्राइवेट कंपनियां

जो छात्र कैंपस प्लेसमेंट का विकल्प नहीं चुनना चाहते हैं वे अपना बीटेक प्रोग्राम पूरा करने के बाद नौकरी के लिए विभिन्न प्राइवेट कंपनियों में भी नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं। एंट्री लेवल की तकनीकी भूमिकाओं में निजी कंपनियों में शामिल होने के बाद छात्र कॉरपोरेट वर्ल्ड में अपने पैर जमा कर एक्सपीरियंस ले सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं।

## इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम

इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम यूपीएससी द्वारा आयोजित एक नेशनल लेवल का एग्जाम है। जो छात्र बीटेक की पढ़ाई के बाद डिफेंस, पीडब्ल्यूडी, रेलवे आदि की परीक्षा में भाग लेना चाहते हैं उनके लिए यह एक बेहतर ऑप्शन है।

## पीएसयू नौकरियां

बीटेक करने के बाद छात्र इंजीनियरिंग के लिए गेट यानी ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में तकनीकी नौकरी भी कर सकते हैं। कई पीएसयू के छात्रों को उनके गेट स्कोर के आधार पर एंट्री लेवल की नौकरियों के लिए नियुक्त करते हैं। कुछ पीएसयू जैसे सीआईआई, इसरो और बीएआरसी भी एंट्री लेवल की नौकरियों के लिए बीटेक छात्रों की स्क्रीनिंग के लिए अपनी परीक्षा आयोजित करते हैं।





# सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन में कैसे शुरू करें कॅरियर और क्या है इसके लिए आवश्यक कौशल

**सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन या एसईओ एक ऐसी अवधारणा है जो दो दशकों से भी कम समय से अस्तित्व में आयी है लेकिन नौकरियों की एक बड़ी तादात को पैदा किया है, जिसमें लगभग हर उद्योग में पुरुषों और महिलाओं ने अपना कॅरियर बनाया है।**

डिजिटल क्रांति ने व्यापार की दुनिया को काफी बदल दिया है, विशेष रूप से डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में और एसईओ में करियर के रूप में नए अवसर खोले हैं। मार्केटिंग के भीतर पूरे नए टूलकिट सामने आए हैं, जो कुछ दशक पहले अकल्पनीय था। एसईओ आज मार्केटिंग के उन महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है जिसने पिछले एक दशक में एसईओ नौकरी के अवसरों की संख्या में काफी इजाफा किया है। सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन या एसईओ एक ऐसी अवधारणा है जो दो दशकों से भी कम समय से अस्तित्व में आयी है लेकिन नौकरियों की एक बड़ी तादात को पैदा किया है, जिसमें लगभग हर उद्योग में पुरुषों और महिलाओं ने अपना कॅरियर बनाया है। एसईओ एक ऐसा पेशेवर व्यक्ति होता है जो सर्च इंजन परिणामों के पीछे एल्गोरिदम को सीखने और उसमें महारत हासिल करने में माहिर होता है ताकि वे अपने ग्राहकों और कंपनियों को सर्च करने में मदद कर सकें। आजकल एसईओ पेशेवर उच्च मांग में हैं। एसईओ विशेषज्ञों को डिजिटल और सामग्री विपणन कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में वेब डेवलपर्स द्वारा सामग्री विपणक के रूप में और कई अन्य भूमिकाओं में काम पर रखा जाता है, केवल इसलिए कि डिजिटल अभियानों को सफल बनाने के लिए कंपनियों को वेब ट्रैफिक की आवश्यकता होती है।

## क्या करता है एसईओ ?

जैसे-जैसे अधिक से अधिक व्यवसाय ऑनलाइन होते जा रहे हैं वे प्रतिदिन और भी अधिक सामग्री का उत्पादन कर रहे हैं और अपने ब्लॉग या लेख के जरिये स्टैंड करना और दृश्यता हासिल करना चुनौतीपूर्ण हो गया है, खासकर यदि आप इस क्षेत्र में नए हैं। सही विजिबिलिटी के बिना व्यवसायों के लिए अपने लक्षित दर्शकों तक पहुंचना, अपनी ब्रांड की उपस्थिति बनाना और अपनी वेबसाइट के माध्यम से विश्वास पैदा करके और एक मजबूत मूल्य प्रस्ताव पेश करके संभावनाओं को आकर्षित करना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए एसईओ में करियर आपको ऑर्गेनिक तरीकों के माध्यम से सर्च इंजन पर ब्रांड विजिबिलिटी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की मांग करेगा।

एसईओ कैसे काम करता है ?

एसईओ कॅरियर के अवसरों के साथ आप मुख्य रूप से दो मूल सिद्धांतों के साथ काम करेंगे- अत्यधिक प्रासंगिक कीवर्ड-रिच कंटेंट विकसित करना और वेबसाइट और वेब पेजों के लिए गुणवत्ता वाले बैकलिंक बनाना। सर्च इंजन ने एक व्यापक सूचकांक बनाया है जो सर्च क्वेरी के लिए प्रासंगिकता के क्रम में क्रमबद्ध है। इस प्रकार जब उपयोगकर्ता एक खोज क्वेरी में प्रवेश करता है तो सर्च इंजन जल्दी से अपने सूचकांक के माध्यम से चलता है और तुरंत परिणाम देता है। प्रत्येक कीवर्ड के लिए खोजकर्ता सर्च इंजन में इनपुट करता है।

इंडेक्सेशन के लिए ये सर्च इंजन क्रॉलर पर भरोसा करते हैं और इसलिए ऐसा नाम दिया गया है क्योंकि एक स्पाइडर की तरह वे पूरी वेब डायरेक्टरी को क्रॉल करते हैं। बैकलिंक्स गूगल बॉट्स को आपकी सामग्री को शीघ्रता से खोजने में मदद करते हैं क्योंकि वे अधिक आधिकारिक साइटों पर अधिक बार क्रॉल करते हैं। साथ ही अच्छे ऑर्गेनिक बैकलिंक्स आपकी वेबसाइट के लिए विश्वास और प्रासंगिकता का एक मीट्रिक है जो उपस्थिति और रैंक को बढ़ाने में मदद करता है। इसलिए एक प्रासंगिक आधिकारिक साइट से बैकलिंक्स प्राप्त करना कॅरियर के अवसरों के आवश्यक पहलू होते हैं। इसके साथ ही केवल कुछ डोमेन के बजाय कई डोमेन से बैकलिंक प्राप्त करना आवश्यक होता है। गुणवत्ता वाले बैकलिंक आपकी रैंकिंग को त्वरित अवधि में बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे सकते हैं और इन सभी विभिन्न आधिकारिक वेबसाइटों से बड़ी मात्रा में रेफरल ट्रैफिक भी प्रदान कर सकते हैं। इसके अलावा एक गुणवत्तापूर्ण सामग्री बनाने और उच्च-गुणवत्ता वाले बैकलिंक्स प्राप्त करने के लिए आपकी गतिविधियाँ भी समय लेने वाली और एक श्रमसाध्य कार्य हो सकती हैं। इसलिए आपको एक उचित योजना के साथ काम करने और धैर्य रखने की आवश्यकता होगी।

## किस तरह के कौशल की जरूरत होती है ?



एसईओ अधिक से अधिक जटिल होता जा रहा है क्योंकि सर्च इंजन एल्गोरिदम पर्याप्त रूप से उन्नत होते जा रहे हैं। इसलिए, एसईओ में कॅरियर आज कई कौशलों में महारत हासिल करने की मांग करता है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण आपको बाजार के रुझानों के साथ बने रहने के लिए एक डायनामिक लर्नर होने की आवश्यकता होती है। सर्च इंजन एक वर्ष के भीतर कई अपडेट लाते हैं और इस बात पर नजर रखना कि वे आपके व्यवसाय को कैसे प्रभावित कर सकते हैं, महत्वपूर्ण होने जा रहा है क्योंकि विभिन्न अपडेट आते रहते हैं। इसके बाद आपको मुख्य एसईओ कौशल में अपने लिए एक मजबूत नींव बनाने की जरूरत होती है। आपको डिजिटल मार्केटिंग के नट और बोल्ट को समझने और व्यावसायिक कौशल विकसित करना शुरू करने की आवश्यकता होती है। आपको नजर रखने और विश्लेषण करने की आवश्यकता है कि प्रतियोगी कैसे आगे बढ़ रहे हैं और इस पर शोध फिर से पूरी तरह से सुनिश्चित होने वाला है। इसके आलावा आपको वेब फंडामेंटल, डेटाबेस तकनीकों और विशेष रूप से फ्रंट एंड, वेबसाइट प्रबंधन के फाइल प्रबंधन पहलुओं की एक ठोस समझ होनी चाहिए। विश्लेषणात्मक कौशल अत्यधिक मूल्यवान होने जा रहे हैं। एसईओ में कॅरियर के लिए आपको अपने प्रयासों के प्रभाव और परिणाम को मापने के लिए गूगल विश्लेषिकी और गूगल सर्च कंसोल के साथ समझने और काम करने की आवश्यकता होती है। आप विविध स्रोतों से प्रतिदिन आने वाली ढेर सारी सूचनाओं के साथ काम कर रहे होंगे। इसलिए आपको न केवल इसका अर्थ निकालने के लिए विश्लेषणात्मक कौशल की आवश्यकता होगी, बल्कि जानकारी को प्राथमिकता भी देनी होगी। एसईओ में कॅरियर के लिए आपको व्यावसायिक परिदृश्य को समझने और गहन प्रतिस्पर्धा विश्लेषण करने की आवश्यकता होगी। बैकलिंक प्रोफाइल को समझने के लिए एक टैब रखें कि वे क्या बना रहे हैं, वे किस प्रकार की सामग्री पोस्ट कर रहे हैं और वे कौन सी प्रेस विज्ञप्ति कर रहे हैं।



## आप कैसे शुरुआत कर सकते हैं ?


पहले सर्च इंजन विजिबिलिटी और रैंकिंग के लिए वेबसाइट सेट करना वेबसाइट डेवलपर्स और एडमिन का डोमेन हुआ करता था। लेकिन एक अलग डोमेन और स्वतंत्र अभ्यास के रूप में एसईओ के उदय के साथ अब यह बदल गया है। यदि आप मार्केटिंग, ब्लॉगिंग, एनालिटिक्स के बारे में सीरियस हैं तो यह आपके लिए शुरुआत करने के लिए यह सही क्षेत्र है। इस अभ्यास में उत्कृष्ट विकास क्षमता है। जैसे-जैसे आप अधिक कौशल प्राप्त करते रहेंगे और अपने व्यवसाय और संचार कौशल का निर्माण करते रहेंगे, आप समय के साथ अपने आप से एक डिजिटल मार्केटिंग प्रबंधक बनने की उम्मीद कर सकते हैं। एसईओ में कॅरियर फ्रीलांसिंग स्पेस में कई अवसर भी खोलता है। यदि आप विज्ञान पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं तो भी एसईओ कॅरियर के अवसरों में प्रवेश पाना असंभव नहीं होगा। कुछ तकनीकी अवधारणाएँ होंगी जिनमें आपको महारत हासिल करने की आवश्यकता होगी, लेकिन जब आप कोशिश करना शुरू करेंगे तो यह अंतत: आपके पास आ जाएगी।



# बनना है सर्टिफाइड फिटनेस ट्रेनर तो इन बातों का हमेशा रखें ध्यान

**फिटनेस के क्षेत्र में जॉब की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। युवा तो युवा, अधिक उम्र के लोग भी फिटनेस ट्रेनर बनने की तरफ अपने कदम बढ़ा रहे हैं। यह माना जा रही है कि आने वाले वक्त में फिटनेस ट्रेनिंग इंडस्ट्री में बड़ा उछाल देखने को मिल सकता है। केवल एक लीन बॉडी पाने की चाहत ने ही नहीं बल्कि हेल्थी लाइफस्टाइल की जरूरत ने भी इस क्षेत्र में इतनी वृद्धि की है। एक सर्टिफाइड फिटनेस ट्रेनर के लिए जॉब की अपार संभावनाएं मार्केट में मौजूद हैं। इतना बेहतर करियर लेकिन सवाल सिर्फ एक- 'कैसे बना जाए सर्टिफाइड फिटनेस ट्रेनर'। चलिए आज हम आपको विस्तार से बताते हैं कि एक फिटनेस ट्रेनर बनने के लिए आपके पास कौन- से गुण होने चाहिए और आप कैसे बन सकते हैं एक सर्टिफाइड फिटनेस ट्रेनर। फिटनेस ट्रेनर के रूप में करियर चुनते समय इन बातों का रखें ध्यान में।**

## डेवलप करें जरूरी स्किल्स




फिटनेस के क्षेत्र में करियर बनाना आसान नहीं है। यदि आप इस इंडस्ट्री में प्रवेश करना चाहते हैं, तो आपको फिटनेस फ्रीक बनना होगा और दूसरों को भी फिटनेस हासिल करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध होना होगा। फिटनेस ट्रेनर व्यक्तियों को उपयुक्त फिटनेस प्रोग्राम का पालन करने के लिए मोटिवेट करते हैं ऐसे में खुद को फिट रखना बेहद जरूरी है। एक फिटनेस ट्रेनर के पास अलग-अलग तरह के लोगों से निपटने के लिए अच्छे कम्यूनिकेशन स्किल की जरूरत पड़ती है।

## सर्टिफिकेशन कोर्स में करें रजिस्टर

फिटनेस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए किसी मान्यता प्राप्त ऑर्गनाइजेशन से सर्टिफाइड होना बेहद जरूरी है। कई संगठन लिखित और प्रैक्टिकल एग्जामिनेशन के साथ विभिन्न प्रकार के फिटनेस ट्रेनिंग कोर्स प्रदान करते हैं। इन सर्टिफिकेशन कोर्स की अवधि 2-3 महीने की हो सकती है जिसकी फीस 10,000-30,000 रुपये के बीच हो सकती है। ज्यादातर सर्टिफिकेशन 2-3 सालों में समाप्त हो जाते हैं और उन्हें रिन्यू करने की जरूरत होती है।

## स्पेशलिस्ट सर्टिफिकेशन जरूरी


आप फिटनेस ट्रेनिंग के क्षेत्र में भी अपनी स्पेशलाइज्ड फील्ड में सर्टिफिकेशन ले सकते हैं। यह बेहद जरूरी भी है। अगर आप वेट लिफ्टिंग आदि में रुचि रखते हैं तो उसमें भी सर्टिफिकेशन कोर्स किया जा सकता है।

## शुरू करें अपना फिटनेस बिजनेस

एक बेहतर फिटनेस बनने की चाह रखने वालों के लिए अपना बिजनेस शुरू करना बेहद लाभदायक हो सकता है।

## ऑन जॉब ट्रेनिंग

अगर आप एक सर्टिफाइड फिटनेस ट्रेनर बनना चाहते हैं तो आपको वर्क एक्सपीरियंस होना बेहद आवश्यक है। ज्यादातर फिटनेस ट्रेनर अपने अनुभव के कारण सफलता प्राप्त कर पाते हैं। प्रोफेशनल एक्सपीरियंस हासिल करने के लिए फ्रेशर्स फिटनेस ट्रेनर के अंडर असिस्टेंट का कार्य भी कर सकते हैं और काफी कुछ सीख सकते हैं।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com